संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 08 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तराखंड के नरेन्द्र नगर में आयोजित हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक। गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी चर्चा करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 269 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## कनाडा में विमान दुर्घटना, दो भारतीयों सहित तीन की मौत

**ओट्टावा**
कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में शनिवार को एक विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वाले तीनों पायलट थे, जिनमें से दो भारतीय प्रशिक्षु पायलट थे।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में शनिवार को दो इंजन वाला हल्का विमान, पाइपर पीए-34 सेनेका, तीन पायलटों के साथ उड़ा था। विमान पर दो भारतीय प्रशिक्षु पायलट अऊभय गडरू और यश विजय रामुगड़े थे। दोनों भारतीय प्रशिक्षु पायलट भारत के महाराष्ट्र से बताए गए हैं। विमान चिलिवैक शहर में स्थानीय हवाई अड्डे से उड़ा था और कुछ ही दूरी पर एक मोटेल के पीछे पेड़ों और झाड़ियों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों भारतीय प्रशिक्षु पायलटों सहित विमान में सवार तीनों पायलटों की मौत हो गयी। दुर्घटना वाला शहर चिलिवैक कनाडा के प्रमुख शहर वैंकूवर से सौ किलोमीटर दूर स्थित है। दुर्घटनास्थल के पास ही काम करने वाली हेयली मॉरिस ने बताया कि उन्होंने अपने सामने विमान को गिरते हुए देखा। विमान को गिरते देख उन्होंने दौड़ना शुरू किया और फिर विमान को सड़क के पार जंगल में पेड़ों से टकराते हुए देखा।
अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल पर नियंत्रण कर लिया गया है और जनता को किसी अन्य के घायल होने या जोखिम की सूचना नहीं है।

## मप्र: कांग्रेस जारी कर सकती उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली:** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन को लेकर कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति ने शनिवार को दिल्ली में बैठक की। बैठक के बाद मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आने वाले एक सप्ताह के अंदर कांग्रेस मध्य प्रदेश के अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है। कमलनाथ ने कहा कि हमने कई नामों पर आज चर्चा की है। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज पार्टी पदाधिकारियों के साथ राज्य के 130-140 सीटों पर चर्चा की है। एक और बैठक बुलाकर निर्णय लिया जाएगा।

# ऐतिहासिकः एशियाई खेलों में भारत ने लगाई 'सेंचुरी'

### भारत ने रिकॉर्ड 107 पदकों के साथ एशियाई खेलों में किया अपने अभियान का समापन



**टीम एक्शन इंडिया/हांगझू**
**भारत ने** 19वें एशियाई खेलों में 107 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत ने एशियाई खेलों में इससे पहले कभी भी 100 पदक नहीं जीते थे, बीते 72 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने एशियाई खेलों में 100 पदक जीते हैं। भारतीय दल के 107 पदकों में 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने एथलेटिक्स में सर्वाधिक 29 पदक जीते, जिनमें 6 स्वर्ण, 14 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके बाद भारत ने शूटिंग में 22 पदक जीते, जिनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके बाद भारत ने तीरंदाजी में 9 (5 स्वर्ण, 2 रजत और कांस्य), कुश्ती में 6 (1 रजत और 5 कांस्य), क्रिकेट में 2 (दोनों स्वर्ण), कबड्डी में 2 (दोनों स्वर्ण), हॉकी में 2 (एक स्वर्ण और एक कांस्य), रोईंग में 5 (2 रजत, तीन कांस्य), स्क्वैश में 5 (2 स्वर्ण, 1रजत और दो कांस्य) और मुक्केबाजी में 5 (1 रजत और 4 कांस्य), सेलिंग में 3 (1 रजत और 2 कांस्य), घुड़सवारी में 2 (1 स्वर्ण, 1 कांस्य). वुशु में 1 रजत, टेनिस में 2 (1 स्वर्ण, एक रजत), गोल्फ में एक रजत, बैडमिंटन में 3 (1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य), रोलर स्केटिंग में दो कांस्य, टेबल टेनिस में 1 कांस्य, कौनोई में 1 कांस्य, सेपकटक्रा में 1 कांस्य, ब्रिज में एक रजत, और शतरंज में दो रजत पदक शामिल है।

**रिकॉर्ड तोड़**
8 बीते 72 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने एशियाई खेलों में 100 पदक जीते हैं

# हमास ने रॉकेट दाग 40 इजराइली मारे



**टीम एक्शन इंडिया/यरुशलम**
**इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहा घ**मासान शनिवार को युद्ध में तब्दील हो गया। इजराइल पर हमास के हमले में 40 लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। इजराइल ने जवाब में युद्ध का ऐलान कर जवाबी हमला कर दिया। फिलिस्तीन का दावा है कि इस जवाबी हमले में 198 लोगों की मौत हुई है और 1600 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार सुबह गाजा पट्टी से इजराइल पर ताबड़तोड़ रॉकेट दागे गए। इजराइल के अलग-अलग शहरों में रॉकेट हमलों से जबर्दस्त जन-धन की हानि हुई। कई इमारतों में आग लग गयी। हमलों के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि इजराइल पर हमास का आतंकी हमला हुआ है। उन्होंने गाजा पट्टी पर मौजूद आतंकी संगठन हमास पर इजराइली वायुसेना की जवाबी कार्रवाई के बाद कहा कि इजराइल हमास को माकूल जवाब देगा। जवाब देने की प्रक्रिया में गाजा पट्टी स्थित हमास के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले शुरू किये गए। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में हुए हमलों में 198 लोगों की मौत हुई है जबकि 1600 से अधिक लोग घायल हुए हैं।
हमास के वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद जैफ ने बयान जारी कर अल-अक्सा तूफान ऑपरेशन की शुरूआत की घोषणा की। जैफ ने दावा किया कि हमास ने 500 से अधिक मिसाइलों के साथ दुश्मन के ठिकानों, हवाई अड्डों और सैन्य किलेबंदी को निशाना बनाया है।

**युद्ध**
8 जवाबी हमले में 198 की मौत
8 गाजा पट्टी से इजराइल पर हुए हमले में 700 से अधिक घायल

# श्रीअन्न के आटे पर लगेगा 5 % जीएसटी

### = मोलेसेज पर जीएसटी की दर को 28 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने का फैसला

**जीएसटी रेट**
8 लेबल वाले श्रीअन्न आटा और मोलेसेज पर लगेगा पांच फीसदी जीएसटी: वित्त मंत्री सीतारमण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने लेबल वाले मोटे अनाज के पैक आटे (श्रीअन्न) पर 5 फीसदी जीएसटी और मोलेसेज (गुड़/शीरा/खांड़/राब) पर जीएसटी की मौजूदा दर को 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया है। निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि मोलेसेज पर जीएसटी की दर को 28 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इससे गन्ना किसानों को फायदा होगा और उनका बकाया तेजी से चुकाया जा सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि बैठक में लेबल वाले मोटे अनाज (श्रीअन्न) के आटे पर पांच फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, ऐसा आटा जिसमें मिलेट्स की मात्रा 70 फीसदी या उससे अधिक हो और उसे खुले में बेचा जाता है तो उस पर शून्य फीसदी जीएसटी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आटे को पैक कर-के उस पर लेबल लगाकर बेचने पर जीएसटी लागू होगा।

**शीरे पर जीएसटी दर पांच फीसदी किया गया**
**शीरा पर** जीएसटी की दर को घटाकर पांच फीसदी करने और मानव उपभोग के लिए बनी शराब को लेवी से छूट देने का भी फैसला किया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने शीरे पर जीएसटी दर 28 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया है।

## किसानों के लिए मैं लगातार राजस्थान आता रहूंगाः उपराष्ट्रपति

**जोधपुरः** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चुनावी राज्य राजस्थान के लगातार दौरे को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। धनखड़ ने कहा कि कोई कितना भी कहे, मैं किसानों के हित में राजस्थान लगातार आता रहूंगा। उप राष्ट्रपति शनिवार को केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान जोधपुर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषक-वैज्ञानिक संवाद को संबोधित कर रहे थे।
धनखड़ ने कहा, मैंने जिस बयान को बर्दाश्त किया, वो इसलिए कि मैं किसान पुत्र हूं, किसान के लिए कोई मेरी आलोचना करे, कोई बयान दे, कोई कहे कि बार-बार क्यों आते हैं, ये उनको सोचने की बात है।

# आर्थिकः 'गुजरात भारत का अगुआ 'राज्य'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश मंत्री एस. जयशं**कर ने कहा कि आर्थिक योगदान के मामले में गुजरात को देश में अगुआ के तौर पर देखा जाता है। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) में विदेश मंत्री ने कहा, आज भारत बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा, जब हम भारत के बारे में बात करते हैं, तो गुजरात को कई मायनों में भारत के अगुआ के रूप में देखा जाता है जो बड़ा योगदान दे रहा है। गुजरात के लोग अपनी उद्यमशीलता, हर जगह अवसर तलाशने के लिए प्रसिद्ध हैं। शायद दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जहां गुजराती न हों। इससे पहले इसी कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले दो दशकों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात ने भारत के विकास इंजन के रूप में पहचान हासिल की है। बता दें, एस जयशंकर ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने गुजरात की कई विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा गुजरात में कई नई पहलें सामने आ रही हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन, अर्धचालक या विमानन मुख्य हैं।

**तारीफ**
8 जब हम भारत के बारे में बात करते हैं, तो गुजरात को कई मायनों में भारत के अगुआ के रूप में देखा जाता है



प्रवीन लाकड़ा
प्रमुख समाजसेवी
नरेला

# 'सरकार की प्राथमिकता में नहीं है मनरेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस ने** आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। मोदी सरकार मनरेगा के बजट को धीरे-धीरे कम कर इसे खत्म करना चाहती है। पार्टी महासचिव एवं मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि जहां एक तरफ अप्रैल से सितंबर 2023 के दौरान भारत में कुल बिकने वाली गाड़ियों में 48 फीसदी गाड़ियां एसयूवी थीं, वहीं दूसरी तरफ इस वित्त वर्ष के पहले 6 महीने में ही 2023-24 के लिए पूरे साल भर के मनरेगा बजट के 60,000 करोड़ रुपये खत्म हो चुके हैं। यह न सिर्फ देश भर में बढ़ रहे ग्रामीण संकट और असमानता को स्पष्ट रूप से इंगित करता है बल्कि मोदी सरकार की प्राथमिकताओं को भी दिखाता है, जो अनुचित ढंग से मजदूरी के भुगतान में देरी करके मनरेगा के तहत काम की मांग को दबा रही है। रमेश ने कहा कि काम की मांग को और कम करने के लिए मोदी सरकार ने पारदर्शिता के नाम पर डिजिटलाइजेशन के लिए मजबूर किया है। डिजिटलाइजेशन का इस्तेमाल मनरेगा के तहत काम मांगने वाले लोगों को परेशान करने के लिए एक औजार के रूप में किया जा रहा है।

## खालिस्तानी आतंकी का साथी दिल्ली से गिरफ्तार

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने खालिस्तानी आतंकी व गैंगस्टर गठजोड़ अर्श डल्ला और सुक्खा दुनेके के एक करीबी सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मोड मंडी, बठिंडा, पंजाब निवासी हरजीत सिंह उर्फ हेरी मोड उर्फ छोटा हेरी (27) के रूप में हुई है। कनाडा में बैठे अपने आकाओं के आदेश पर हेरी मोड कांट्रैक्ट किलिंग, जबरन वसूली, हथियारों की तस्करी, नशे के कारोबार समेत देश विरोधी कई गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

**गगनयान** जल्द शुरू होगा पहला मानवरहित उड़ान परीक्षण

# इसरोः अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने की कवायद तेज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत की चांद पर** सफल लैंडिंग के बाद अब अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने की तैयारी शुरू हो चुकी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए मानवरहित उड़ान परीक्षण जल्द शुरू करने वाला है।
**अगले वर्ष होगा लॉन्चः** बता दें, करीब 900 करोड़ रुपये की लागत का यह अभियान अगले वर्ष लॉन्च होगा। इससे पहले इसके लिए तीन वाहन परीक्षण किए जाने हैं। इनमें पहला वाहन परीक्षण मिशन टीवी-डी1, दूसरा टीवी-डी2 मिशन और तीसरा परीक्षण एलवीएम3-जी1 होगा। यह मानव रहित मिशन होगा।
**क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदमः** इसरो ने बताया कि जल्द गगनयान के परीक्षण वाहन को लॉन्च किया जाएगा। ताकि क्रू एस्केप सिस्टम का परीक्षण किया जा सके। इसके लिए फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है। गौरतलब है, रोबोट और ह्यूमनोइड (मानव जैसा रोबोट) को अंतरिक्ष में भेजकर क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। गगनायान के तीसरे वाहन परीक्षण एलवीएम3-जी1 के तहत जिस ह्यूमनोइड को भेजा जाएगा, उसके जरिये क्रू के सामने आने वाली तमाम चुनौतियों की जानकारी जुटाई जाएगी। सितंबर में परियोजना निदेशक आर हटन ने बताया था कि इसरो चार अंतरिक्ष यात्रियों को इस अभियान के लिए प्रशिक्षण दे रहा है। यह भारत का पहला मानव अंतरिक्ष अभियान होगा।

**तैयारी तेज**
8 जल्द गगनयान के परीक्षण वाहन को लॉन्च किया जाएगा। ताकि क्रू एस्केप सिस्टम का परीक्षण किया जा सके

# एयरपोर्ट बनने से शहर का स्टेट्स बढ़ेगा, व्यापार, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे: विज

## अम्बाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट को लेकर अम्बाला और आसपास क्षेत्रों में खुशी की लहर

**उड़ान योजना**

8 अंबाला में रिंग रोड बन रही है और इसके साथ इंडस्ट्री एरिया को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में आरसीएस उड़ान योजना के तहत डोमेस्टिक एयरपोर्ट (सिविल एन्कलेव) की स्थापना से आासपास के क्षेत्र में व्यवसाय व रोजगार के अवसर बढेंगें। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्टेट ब्रिज रोड एंड डिवेल्पमेंट कारपोरेशन द्वारा शिलान्यास होते ही सिविल एन्कलेव का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, जोकि संभवतः आगामी 6 महीनें में पूरा होगा। विज ने कहा कि जिस शहर में एयरपोर्ट होता है तो उस शहर का स्टेटस ज्यादा बढ़ जाता है और निवेशकों का ध्यान आकर्षित होता है। उन्होंने बताया कि अंबाला में रिंग रोड बन रही है और इसके साथ इंडस्ट्री एरिया को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। एयरपोर्ट बनने से कारोबारी दिल्ली व मुंबई इत्यादि जगहों से प्रतिदिन अम्बाला आ-जा सकेंगे। गृह मंत्री अनिल विज अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन के पास सिविल एन्क्लेव के 15 अक्टूबर को होने वाले शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न अधिकारियों और अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अम्बाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट को सरकार की मंजूरी मिलने से अम्बाला और आसपास क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश के लोग यहां आते हैं क्योंकि अम्बाला छावनी एक जक्शन हैं। वहीं, हरियाणा के अलावा, हरिद्वार तक पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड के इलाकों के लोगों को यहां से फ्लाइट मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपना संजोया था कि चप्पल वाला भी हवाई जहाज में जा सकता है। इस योजना के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशेष कृपा करते हुए हमें 20 एकड़ भूमि के लिए 133 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी और यह राशि रक्षा मंत्रालय में जमा करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की शेष प्रक्रिया भी पूरी की जा रही हैं।

# एसपी ने बैकं प्रबन्धकों के साथ बैंकों की सुरक्षा बारे किया विचार-विर्मश

**गोष्ठी**

8 जिला अम्बाला में आने वाले सभी बैंकों के प्रबन्धकों की जीओ मैस अम्बाला में गोष्ठी बुलाई



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ ने जिला अम्बाला में आने वाले सभी बैंकों के प्रबन्धकों की जीओ मैस अम्बाला में गोष्ठी बुलाई। इस गोष्ठी में अम्बाला जिले के सभी बैंक प्रबन्धकों ने भाग लिया। जिसमें उन्होंने बैंक प्रबन्धकों से बैंको में होने वाली अप्रिय घटनों को रोकने व आम नागरिकों की जमा पूंजी की सुरक्षा हेतू निम्नलिखित पहलुओं पर विचारविमर्श किया:-

1 अत्याधुनिक अच्छी किस्म के सीसीटीवी कैमरे ऐसे स्थान पर लगवाना जो हर प्रकार की गतिविधियों को स्पष्टतौर पर रिकार्ड कर सके और 24 घण्टे लगातार कार्यान्वित रहें व डीवीआर में रिकार्ड सुरक्षित रखते हुए डीवीआर को किसी सुरक्षित स्थान पर छिपा कर रखा जाए। बैंको के बाहर भी अच्छी किस्म के कैमरे लगाए ताकि आने जाने वालों पर नजर रखी जा सके व इनका रिकार्ड भी डीवीआर में सुरक्षित रखें। 2 एण्टी बरगलरी (चोरी विरोधक) अलार्म प्रणाली का होना अनिवार्य है । यदि किसी भी बैंक में यह अलार्म प्रणाली नहीं हैं तो वह तत्काल लगवाई जाए और 24 घण्टे लगातार कार्यान्वित रहनी चाहिए। बैंक एटीएम में अलार्म प्रणाली सैन्सर युक्त होनी अनिवार्य है।

3 सभी बैंकों में पुलिस टेलीफोन नं. की सूची उपलब्ध होनी चाहिए। 4 कैश वैन पर सिक्योरिटी गार्ड तदंरूस्त नवयुवक रखें जाएँ। 5 एटीएम मशीन पर 24 घण्टे के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाए।

6 बैंक की ईमारत मजबूत व अच्छी किस्म की हो, इस प्रकार की अन्य हिदायतें दी गई पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने बैंक प्रबन्धकों को कहा कि वह उपरोक्त बातों को अपनाएँ जिससे कि हम आमजन की जमापूंजी की सुरक्षा कर सके।

# नशे के विरुद्ध कार्यक्रम में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर सम्मानित हुए विद्यार्थी



**कार्यशाला**

8 अग्रसेन पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय 245वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इस कड़ी में सेक्टर 13 में स्थित अग्रसेन पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय 245वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या रीटा गोयल की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद शैली में विचारों का आदान प्रदान किया और नशे पर कुठाराघात करते हुए विस्तारपूर्वक नशे के कारण मनुष्य के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों का वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने हृदय पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमे समुचित उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य रीटा गोयल द्वारा डॉ. वर्मा का धन्यवाद किया गया और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एक निश्चित समय अंतराल में होते रहने चाहिए। इसके बड़े सकारात्मक प्रभाव होंगे।

# जिले में शनिवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि अब तक जिला में 60 हजार 85 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करें।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने छावनी में सिविल एंक्लेव साइट पर किया विजिट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**नागरिक** उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजा शेखर वुंदरू ने अम्बाला छावनी में प्रस्तावित सिविल एन्क्लेव भवन व इससे सम्बन्धित साईट का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विजिट किया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा. शालीन विशेष तौर पर मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव डा.राजा शेखर वुंदरू ने विजिट के दौरान उपायुक्त से इंटर टर्मिनल भवन के नवीनीकरण के साथ-साथ यात्रियों के लिए जो रनवे का प्रयोग किया जायेगा उसके बारे विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने नक्शे के माध्यम से पार्किंग स्पेस की भी व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त डा. शालीन ने उन्हें अवगत करवाते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत 20 एकड़ में टर्मिनल एयरपोर्ट बनाया जाना है। इस कार्य के लिए राज्य सरकार द्वारा 133 करोड़ रुपए की राशि आर्मी को स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि यह परियोजना गृहमंत्री अनिल विज की विशेष प्राथमिकताओं में है। उन्हीं के विशेष प्रयासों से इस पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इंटर टर्मिनल भवन के नवीनीकरण के टैंडर आज खुल जायेंगे। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि एयरफोर्स स्टेशन अम्बाला छावनी के नजदीक सिविल एन्क्लेव भवन बनाया जायेगा। सिविल एन्क्लेव बनने पर यात्री सुरक्षा जांच के लिए यहीं से चैक इन और चैक आउट करेंगे। इसके उपरांत उन्हें बस के माध्यम से ऐयरफोर्स स्टेशन के अंदर हवाई पट्टी के पास ले जाया जायेगा। उडान भरने के लिए अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि सिविल एन्क्लेव को शुरूआत में एडहॉक आधार पर संचालित किया जायेगा। तदोपरांत इसके संचालन में विस्तार किया जायेगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने विजिट के दौरान परियोजना से सम्बन्धित जो कार्य किए जाने हैं उस बारे विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस मौके पर उपायुक्त डा.शालीन, डीएमसी दीपक सूरा, उडन विभाग से अमरजीत सिंह गिल, दलजीत सिंह, एम.एस. दुहन, एयरफोर्स से उच्च अधिकारीगण, ईओ जरनैल सिंह, कार्यकारी अभियंता राज कुमार के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।



**अवगत**

8 इसके अलावा उन्होंने नक्शे के माध्यम से पार्किंग स्पेस की भी व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की

# '27 अक्टूबर को करनाल में आक्रोश महारैली'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**आज ताज पार्क कुरुक्षेत्र में हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन रजिस्टर नंबर 1968 की जिला स्तरीय मीटिंग जिला प्रधान सुल्तान सिंह मराठा की अध्यक्षता में हुई मिट्टींग का संचालन जिला महासचिव बरखाराम जास्ट ने किया। मीटिंग में राज्य सचिव राजपाल गुंसर, राज्य उप प्रधान प्रधान प्रेम सिंह बैरथली विशेष रूप से उपस्थित हुए। मीटिंग में सभी ब्लॉकों के प्रधान सचिव एवं जिला क कार्यकारिणी के सभी सदस्य व सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। मीटिंग में अंबाला कमिश्नरी पर जोरदार प्रदर्शन करने के लिए सभी रिटायर साथियों का धन्यवाद किया तथा आने वाली 27अक्टूबर को करनाल में सीएम सिटी में कुरुक्षेत्र से हजारों रिटायर कर्मचारी आक्रोश महारैली में भाग लेगा , गुंसर, बैरथली ने अपने अभिवादन में रिटायर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की हरियाणा सरकार समय रहते रिटायर कर्मचारियों की मांगों को मान लें अन्यथा आने वाले 2024 के चुनाव में हरियाणा सरकार को बहुत ही महंगा साबित होगा। क्योंकि रिटायर कर्मचारी अपना-अपने परिवार का मुखिया है और मुखिया से परिवार अलग नहीं होता इस प्रकार रिटायर कर्मचारी वोट की चोट से भाजपा सरकार के लिए कफन में किल साबित होगा। मीटिंग में सुल्तान सिंह मराठा जिला प्रधान एवं जगतार सिंह सोढ़ी ने सभी रिटायर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली आक्रोश महारैली में ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी एकता का सबुत दे।

# आदित्य करेगा राज्य स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में सोनीपत का प्रतिनिधित्व



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सातवीं कक्षा के छात्र व प्रतिभाशाली फुटबॉलर आदित्य का चयन सोनीपत जिले की स्कूली अंडर-14 आयु वर्ग की टीम में किया गया है । अब वह मंगलवार से पानीपत में शुरू होने वाली हरियाणा राज्य स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेगा । सोनीपत जिले की टीम में चयन होने पर शनिवार को स्कूल परिसर में उसका जोरदार स्वागत किया गया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा आदि ने आदित्य को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि आदित्य ने अपनी मेहनत की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है। जिला स्तर पर भी उसने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है । उसकी क्षमता और मेहनत को देखते हुए ही उसे सोनीपत जिले की स्कूली अंडर-14 आयु वर्ग की फुटबॉल टीम में जगह दी गई है । उन्होंने भरोसा जताया कि आदित्य राज्य स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में भी जोरदार प्रदर्शन कर सोनीपत टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। सीईओ संजय जैन ने

**गर्व**

8 ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में फुटबाल खिलाड़ी को दी गई शुभकामनाएं

# नि:शुल्क हेल्थ चेकअप व आंखों का कैम्प में 438 ग्रामीणों ने करवाई जांच

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)**नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा शनिवार को गांव बन के गुरु रविदास चौपाल में नि:शुल्क हैल्थ चेकअप कैम्प व नि:शुल्क आँखों का जाँच शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ नेता संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर किया गया। कैम्प में भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आँखों की जाँच करवाई।ग्रामीण अमरजीत व अरुण कुमार ने कहा कि जो यह नेता संदीप गर्ग द्वारा हल्के के प्रत्येक गाँवों में लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए हैल्थ चेकअप कैम्प लगाए जा रहे हैं इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए और जो वह सामाजिक कार्य कर रहे हैं उसमें अपनी भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। वहीं पूर्व सरपंच बहलोलपुर अनुज कुमार ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और जो यह नि शुल्क हेल्थ कैम्प लगते हैं इनमें जाकर अपने स्वास्थ्य की जाँच अवश्य करवानी होनी चाहिए। वहीं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि कैम्प में 438 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व आँखों की जाँच करवाई तो वही 298 लोगों को संदीप गर्ग द्वार नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। वहीं 33 लोगों के संदीप गर्ग द्वारा आँखों के ऑपरेशन भी करवाएँ जाएँगे। मौके पर गांव संभालखा सरपंच सोहन लाल, गांव हलालपुर सरपंच मनोज, गांव घड़ौला सरपंच सूरज, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, रणजीत सिंह, बिमला, सुनीता, राज रानी, शकुंतला, हिमानी, सरोज आदि मौजूद थे।



**स्वास्थ्य कैंप**

8 438 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व आँखों की जाँच करवाई तो वही 298 लोगों को संदीप गर्ग द्वार नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए

# बाबू बालमुकुंद गुप्त हिंदी भाषा व साहित्य परिषद की कार्यकारिणी का किया पुनर्गठन

## साहित्य परिषद की कार्यकारिणी में विभिन्न कक्षाओं के ग्यारह अन्य विद्यार्थियों को सदस्य मनोनीत किया गया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल के हिंदी विभाग द्वारा बाबू बालमुकुंद गुप्त हिंदी भाषा व साहित्य परिषद की कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया। इसके लिए एक बैठक आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार ने करते हुए बताया कि बाबू बालमुकुंद आधुनिक हिंदी साहित्य के बहुत बड़े निबंधकार व गद्यकार थे । जिनका जन्म हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गुडयानी नामक गांव में हुआ था। उनके हिंदी साहित्य में योगदान को सम्मान देते हुए साहित्य परिषद का नामकरण उनके नाम से किया गया है। इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्रोफेसर डॉ सुनील थुआ ने बताया की नवनिर्वाचित कार्यकरणी में निकिता एम.ए हिंदी अंतिम वर्ष की छात्रा को साहित्य परिषद का अध्यक्ष, एम.ए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा लक्ष्मी को उपाध्यक्ष, अस्मिता को सचिव व आरजू को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है । इसके अतिरिक्त एम.ए. हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा रजनी को परिषद का संयोजक चुना गया है व बी.ए अंतिम की छात्रा आरजू को सावित्री बाई फुले पाठक मंच का प्रभारी बनाया गया है। साहित्य परिषद की कार्यकारिणी में विभिन्न कक्षाओं के ग्यारह अन्य विद्यार्थियों को इसका सदस्य मनोनीत किया गया।



**कार्यकारिणी**

8 बाबू बालमुकुंद आधुनिक हिंदी साहित्य के बहुत बड़े निबंधकार व गद्यकार थे: डॉ कृष्ण कुमार

# गीता विद्यालय के तीन छात्रों का राष्ट्रीय खेलों में हुआ चयन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गीता विद्यालय में विद्या भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलों में गीता विद्यालय के तीन छात्रों तुषार कक्षा 12वीं,अमन कक्षा ग्यारहवीं,युवराज कक्षा ग्यारहवीं ने वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने इन छात्रों को किया सम्मानित व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस तरह के खेलों में प्रतिभागिता करनी चाहिए ।राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेलों में हमें अपनी प्रतिभागिता करनी चाहिए। जिससे हम अपना व अपने देश का नाम रोशन कर सके। इस तरह खेलों में प्रतिभागिता करने से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास के साथ सर्वांगीण विकास होता है विद्यालय के शारीरिक आचार्य राजीव ने इन छात्रों की वेट लिफ्टिंग में तैयारी करवाई जिससे यह अच्छा प्रदर्शन कर सके। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया बहन व छात्र भैया बहन उपस्थित रहे।



# 'सरकार ने शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाया'

## हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए किए अभूतपूर्व कार्य, 14,000 विद्यालयों में सिविल कार्यों व बच्चों के लिए सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए लगभग 3500 करोड़ रुपये किए खर्च

**शिक्षा पर बल**

**8 समितियों की ओर से बच्चों की पढ़ाई के लिए जो भी सुझाव, या मांग आएगी, उसे हम पूरा करेंगे: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण जरूरी है। क्योंकि व्यक्ति से समाज और समाज से देश बनता है। इसके लिए शिक्षा ही एक महत्वपूर्ण आधार है और हरियाणा सरकार ने राज्य में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अभूतपूर्व कार्य किए हैं। राज्य में लगभग 14,000 विद्यालयों में सिविल कार्यों के साथ-साथ बच्चों के लिए डयूल डेस्क जैसी कई सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए सरकार ने लगभग 3500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में मुख्यमंत्री की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समितियों की ओर से बच्चों की पढ़ाई के लिए जो भी सुझाव, या मांग आएगी, उसे हम पूरा करेंगे। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएमसी को 2 से 6 माह तक शिक्षक रखने का अधिकार देने पर सरकार विचार कर रही है। विस्तृत चर्चा के बाद इस संबंध में कुछ संशोधन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 14,000 सरकारी स्कूल हैं। इन स्कूलों की देखरेख के लिए स्कूल मैनेजमेंट समितियां बनाई गई हैं। चुने हुए प्रतिनिधियों व अभिभावकों को मिलाकर स्कूल प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है। जिस स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 300 तक है, उसमें स्कूल प्रबंधन समिति के 12 सदस्य बनाए जाते हैं। 500 बच्चों तक के स्कूल में यह संख्या 16 और 500 से अधिक बच्चों के स्कूल में 20 होती है। इसके पीछे मूल भावना यह है कि समाज के सभी व्यक्ति अपने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के लिए आगे आएं और स्कूल के विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी हो। उन्होंने

### छात्र-अध्यापक अनुपात सुनिश्चित करने के लिए आ रही एमआईएस प्रणाली

**मनोहर लाल** ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में छात्र-अध्यापक अनुपात को सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द ही एमआईएस प्रणाली लेकर आ रही है ।

इसके तहत प्रत्येक विद्यालय में कितने बच्चे हैं, कितने अध्यापकों की आवश्यकता है, उसके अनुसार अध्यापक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति नए भारत की नई उम्मीदें'

**मनोहर** लाल ने कहा कि 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार मानव संसाधन बनाना शिक्षा की सबसे बड़ी चुनौती है। आज का युग रिफॉर्म, प्रफोर्म और ट्रांसफॉर्म का युग है। शिक्षा के क्षेत्र में यह बात अधिक लागू होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी बात को ध्यान में रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। उन्होंने कहा था कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति नए भारत की नई उम्मीदों की, नई आवश्यकताओं की पूर्ति का सशक्त माध्यम है। हमें ऐसे स्कूलों, ऐसे शिक्षकों की जरूरत है जो फन लर्निंग, प्लेफुल लर्निंग का वातावरण दें। सभी स्कूल संचालकों को स्कूलों में ऐसा ही वातावरण बनाने का काम करना है।
**हरियाणा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 2025 तक होगी लागू:** हरियाणा सरकार राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। हालांकि इसको लागू करने की समयावधि 2030 तक है। लेकिन हमें इस लक्ष्य को पांच वर्ष पहले ही हासिल करना है और इसके लिए आपकी मदद की जरूरत है। इसमें शिक्षकों के अलावा माता-पिता व अभिभावकों के सहयोग की भी जरूरत है। मनोहर लाल ने कहा कि 12वीं तक के सभी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें देने का प्रावधान किया है। समितियां पाठ्य-पुस्तकों, शिक्षण सामग्री, वर्दी एवं विभिन्न प्रोत्साहन राशियों का समय पर वितरण करवाएं।

# डॉ. बनवारी लाल ने नव द्वितीय जलघर का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**
हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ न केवल किसी जाति वर्ग विशेष को मिल रहा है, बल्कि हर जाति के उस गरीब और पात्र व्यक्ति को मिल रहा है, जो सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक सीमा में आता है। आयुष्मान योजना से गरीब व्यक्ति के चेहरे से बीमार होने की स्थिति में इलाज पर होने वाले खर्च की चिंता दूर हुई है। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए ही ऑनलाइन सिस्टम लागू किया है। डॉ. बनवारी लाल हल्का बवानीखेड़ा के गांव खरक कलां, सैय, पुर, कुंगड़, जमालपुर और गांव रामुपुरा में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने गांव खरक कलां में 22 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित जलघर का शुभारंभ किया। डॉ. बनवारी लाल ने जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान अपने संबोधन में ग्रामीणों से पेयजल को बर्बाद नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पानी अनमोल है। पानी को बनाया नहीं जा सकता है। पानी की एक - एक बूंद को बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव खरक सहित जो भी गांव महाग्राम योजना में शामिल है, पंचायत जमीन उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव पारित करके ताकि वहां पर शहरों की तर्ज पर सीवरेज आदि सुविधा के लिए एसटीपी स्थापित कर सके।

**विकास कार्य**

**8 योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए ही ऑनलाइन सिस्टम लागू किया है**

## न्यूज फ्लैश

### एसवाईएल नहर बनाना पंजाब का दायित्व, जल बंटवारा अलग विषय: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एसवाईएल नहर बनाने पर माननीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्पष्ट है और जल बंटवारा अलग विषय है। ऐसे में यह पंजाब सरकार का दायित्व है कि वह नहर का निर्माण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है और अरविन्द केजरीवाल जब हरियाणा जाएंगे तो उन्हें एसवाईएल पर अपना रुख स्पष्ट करना होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय महिला पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज से 50-60 साल पहले पत्रकारिता के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या न के बराबर थी। आज महिलाओं ने पत्रकारिता में अपना खास मुकाम हासिल किया है। विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में महिला पत्रकारों का विशेष योगदान है। महिला पत्रकारों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सवालों के जवाब भी दिए।

हरियाणा में महिला सशक्तिकरण पर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि हरियाणा में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान की सफलता रही है। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनसे कहा था कि हरियाणा कम लिंगानुपात के चलते काफी बदनाम है ऐसे में सामाजिक जुडाव के साथ एक कार्यक्रम शुरू करे। 22 जनवरी 2015 को पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान की शुरूआत हुई और लिंगानुपात एक हजार लड़को के पीछे 871 से बढ़कर 927 तक पहुंचा। यह एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन हम अभी भी इससे संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में खाप पंचायतों और अन्य सामाजिक संगठनों की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने कहा कि हमने 8 साल में 72 नए कॉलेज खोले जिनमें महिला कॉलेजों की संख्या अधिक रही। हमने लोकल बोडिज चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत रिप्रजेन्टेशन दिया। गांव में पढी लिखी पंचायतें चुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। महिला सुरक्षा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30 से अधिक महिला थाने खोले गए। पुलिस में महिलाओं की भागीदारी 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 13 प्रतिशत हो गई जिसे हम 15 प्रतिशत कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की बेटियां खेल और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसके लिए हिसार के एक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का जिक्र भी किया जिसमें विभिन्न विषयों में 20 में से 18 मेडल बेटियों ने हासिल किए। भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने संकल्प को पुन: दोहराते हुए उन्होंने एक महिला पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हम भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करते। यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दे पर उत्तराखंड सरकार द्वारा जल्द लागू करने के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम इसका समर्थन करते है। इससे समाज में सामंजस्य व समानता बढ़ेगी व राष्ट्रीयता की भावना बढेगी। उन्होंने कहा कि यह अभी हमारे प्रदेश में यह मामला पाइपलाइन में है और जब जरूरत होगी हम इसे लागू कर देंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के सवाल पर उन्होंने कहा कि खर्च व समय की बचत के लिए यह बहुत आवश्यक है। जातीय जनगणना के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा कभी जातिगत राजनीति नहीं करती। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और हम हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत पर कार्य करते है।

### प्रदेश सरकार कर रही है किसानों की घोर अनदेखी: किरण

**भिवानी**: पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों की घोर अनदेखी कर रही है। फसलों की एमएसपी पर खरीद न होने और मंडियों में अव्यवस्था के कारण किसानों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही।

आज तोशाम क्षेत्र के गांव चनाना, मंढाण, ईशरवाल, संडवा आदि में ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए किरण चौधरी ने कहा कि मंडियों में किसान अपनी फसल लेकर बैठे हैं कभी उन्हें गेट पास नहीं मिलता और कभी टोकन नहीं दिये जा रहे। कई बार पोर्टल की डिटेल गायब रहती है ऐसे में किसानों को तरह तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है।

भावांतर के नाम पर सरकार के चहेते व्यापारियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान भावांतर के नाम पर मचाई जा गई लूट की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए सरकार से आरोपियों से करोड़ों रुपए वसूली करने के लिए भी कहा।

### आज से कृषि विकास मेला का आयोजन

**हिसार:** आजादी अमृत काल में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के साथ मिलकर 8 से 10 अक्टूबर, 2023 तक हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 का आयोजन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मेला ग्राउंड में किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व कृषि यंत्र निमार्ता कंपनियां भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा।

# ग्रुप ए-ग्रुप बी पदों पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में दिया आरक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा सरकार ने ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों के सभी संवर्गों में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि नई नीति के तहत, राज्य सरकार अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में स्वीकृत पदों में से 20 प्रतिशत पद आरक्षित रखेगी। किसी कैडर में सर्वोच्च पदोन्नति वाले पद को छोडकर, ग्रुप ए और ग्रुप बी के सभी पदों पर आरक्षण स्वीकार्य होंगे। हालाँकि, सर्वोच्च पदोन्नति पद के लिए लागू सेवा नियमों के अनुसार परस्पर वरिष्ठता को ध्यान में रखा जाएगा। न्यूनतम पद - लाभ तभी स्वीकार्य होगा जब दो या अधिक पदोन्नति पद उपलब्ध हों।



**कैडरवार कार्यान्वयन** - स्वीकृत पदों की कुल संख्या को ध्यान में रखते हुए आरक्षण कैडरवार लागू किया जाएगा।
**प्रतिनिधित्व मूल्यांकन** - विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) और समूह ए या समूह बी पदोन्नति के लिए सक्षम प्राधिकारी पदोन्नति पदों पर अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के वर्तमान प्रतिनिधित्व की पर्याप्तता का निर्धारण करेंगे। यदि प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से कम है तो पदोन्नति कोटा पद उपलब्ध होने पर कमी को दूर किया जाएगा। पदोन्नति के माध्यम से भरे गए ग्रुप ए या ग्रुप बी पदों पर सभी एससी कर्मचारियों को नियुक्ति का तरीका जो भी हो, प्रतिनिधित्व के लिए विचार किया जाएगा।
**कोई प्रत्यावर्तन नहीं** - नॉन-एससी कर्मचारी, जिन्हें पहले ही ग्रुप ए या ग्रुप बी पदों पर पदोन्नत किया जा चुका है, उन्हें 20 प्रतिशत आरक्षण को पूरा करने के लिए वापस नहीं किया जाएगा, लेकिन कमी को दूर तब किया जाएगा जब पदोन्नति कोटा पद उपलब्ध होगा।
**पदोन्नति से कोई वंचित नहीं** - अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित नहीं किया जाएगा, भले ही 20 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पूरी हो गई हो।
**रोस्टर अंक** - सरकारी निदेर्शों के अनुसार अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए सीधी भर्ती हेतु रोस्टर अंक लागू होंगे।

ग्रुप सी और डी कर्मचारियों के लिए रोस्टर प्वाइंट या प्रतिस्थापन सिद्धांत के आवेदन के लिए दिशानिर्देशों का भी सख्ती से पालन किया जाएगा।

नॉन-एससी पदोन्नति - यदि कोई पात्र एससी कर्मचारी रोस्टर के अनुसार पदोन्नति के लिए उपलब्ध नहीं है तो किसी अन्य श्रेणी के पात्र कर्मचारी को पदोन्नत किया जा सकता है। अनुसूचित जाति कर्मचारी को पात्र होने पर एक अतिरिक्त पद पर समायोजित किया जाएगा।

**घोषणा**

**8 यदि प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से कम है तो पदोन्नति कोटा पद उपलब्ध होने पर कमी को दूर किया जाएगा**

# पुलिस महानिदेशक ने महिला सुरक्षा पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने जिला महेंद्रगढ़ पहुंचकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विभाग की प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश दिए । बैठक में उन्होंने समाज को नशा मुक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और पुलिसकर्मियों को बेहतर तथा समन्वित कार्य योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए। शत्रुजीत कपूर द्वारा जिला महेंद्रगढ़ में आयोजित बैठक में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों व ग्राम प्रहरियों ने भाग लिया।
**पुलिस महानिदेशक ने वाटर कैरियर स्वर्गीय अशोक कुमार के परिजनों को 50 लाख रुपए का चेक सौंपा:** बैठक से पूर्व उन्होंने पुलिस विभाग में तैनात वाटर कैरियर स्वर्गीय अशोक कुमार के परिजनों को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा। स्व. अशोक कुमार की मृत्यु जुलाई माह में एक दुर्घटना में हो गई थी। स्व. अशोक कुमार थाना नांगल चौधरी में वाटर कैरियर के रूप में कार्यरत था। उन्होंने स्व. अशोक कुमार के परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि पुलिस विभाग दुख की इस घड़ी में उनके साथ है। श्री कपूर ने कहा कि समाज को नशा मुक्त, अपराध मुक्त तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में ग्राम प्रहरियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से कहा कि वह समाज में नशा बेचने वालों की लिस्ट तैयार करते हुए उन पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें
**महिलाओं के साथ मारपीट तथा अत्याचार करने वाले लोगों से सख्ती से निपटे:** इसके साथ ही श्री कपूर ने कहा कि गांव में ऐसे लोग जो दादागिरी तथा आवारागर्दी करके अन्य लोगों को परेशान करते हुए कानून व्यवस्था बाधित करते हैं, उन्हें सबक सिखाते हुए उचित कार्यवाही करें। इसके साथ ही जो लोग अलग-अलग स्थान पर झुंड बनाकर खड़े होते हैं और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते हैं उनसे सख्ती से निपटे।

**दिशा-निर्देश**

**8 पुलिसकर्मियों को बेहतर तथा समन्वित कार्य योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए**




# किसान हितैषी नीतियों से खुशहाल हुआ प्रदेश का किसान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की किसान हितैषी नीतियों से आज प्रदेश का किसान खुशहाल है। किसानों के समर्थन और उनकी मेहनत के बलबूते हरियाणा कृषि क्षेत्र में क्रांति का अग्रदूत बना है। हरियाणा देश में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन में सबसे अग्रणी राज्य है। फल एवं सब्जियों की ग्रेडिंग, भण्डारण व मार्केटिंग के लिए 731 एफपीओ का गठन किया जा चुका है। इजराइल की तकनीक पर राज्य के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में 13 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। कृषि क्षेत्र में किसान आधुनिक तकनीकों से अपडेट रहे, इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 8 से 10 अक्टूबर, 2023 तक ह्यहरियाणा कृषि विकास मेलाह्ण आयोजित किया जाएगा। इस मेले में कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी, कृषि संबंधी उपकरणों, तकनीकों व नवाचारों की प्रदर्शनी, नए बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें, यंत्र और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी जाएगी। हरियाणा सभी प्रमुख बागवानी फसलों में भावांतर भरपाई योजना शुरू करने वाला पहला राज्य है। इस योजना के तहत 21 फलों और सब्जियों की फसलों को संरक्षित मूल्य तय कर-के उनकी उपज के विपणन में किसानों के जोखिम को कम करने के लिए कवर किया गया है। अब तक 12,092 किसानों को 33.26 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जा चुका है। किसानों की फसलों को मौसम की अनिश्चितताओं से बचाने के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना शुरू करने वाला हरियाणा पहला राज्य है। इस योजना के तहत 46 बागवानी फसलें शामिल हैं। इस योजना के तहत फलों के लिए 1,000 रुपये प्रति एकड़ एवं सब्जियों के लिए 750 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम देना पड़ता है। क्लेम के रूप में फलों के लिए 40,000 रुपये व सब्जियों के लिए 30,000 रुपये प्रति एकड़ का प्रावधान किया गया है।
**किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिए पंचकूला तथा गुरुग्राम में खोले गए किसान बाजार:** फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने तथा उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर ताजा फल एवं सब्जियां उपलब्ध करवाने के लिए पंचकूला, सेक्टर-20 तथा गुरुग्राम में किसान बाजार शुरू किये गये हैं।

**प्रोत्साहन**

**8 अब तक 12,092 किसानों को 33.26 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जा चुका है**



## न्यूज फ्लैश

### पन्ना प्रमुख भाजपा की चुनावी रणनीति का एक मजबूत अंग : दीपक शर्मा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन रविवार आठ अक्टूबर को सुबह 8 बजे काछवा रोड स्थित मैहता फार्म में होने जा रहा है, जिसके लिए सभी भाजपा पन्ना प्रमुखों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण देते हुए भाजपा करनाल जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में पन्ना प्रमुखों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा में चार लाख पन्ना प्रमुख हैं। एक लाख से अधिक पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पार्टी का यह कैडर सेवा ही संगठन के मूलमंत्र का पालन करता है। मतदान के दिन पन्ना प्रमुखों की अहम भूमिका रहती है। हर बूथ की मतदाता सूची के एक पन्ने की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता यानी पन्ना प्रमुख की रहेगी। वह अपने पन्ने के वोटरों की न सिर्फ चिंता करेगा, बल्कि उन्हें मतदान के लिए पोलिंग बूथ तक लाने में मुख्य भूमिका निभायेंगे। दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यकताओं के बल पर ही आज भाजपा मजबूत स्थिति में खड़ी है। विपक्षी दल केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों को देखकर बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन पार्टी के लिए गर्व की बात है। पन्ना प्रमुख ही पार्टी को जनसाधारण से जोड? का एक प्रमुख माध्यम है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# अंतिम सांस तक करता रहूं गौमाता की सेवा : कृष्ण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सडकों** पर दर-बदर भटकती गायों की मार्मिक दुर्दशा को देखकर करनाल के एक सच्चे गौभक्त के मन में ख्याल आया कि एक ऐसी गौशाला का निर्माण किया जाए, जिसमें चारे से लेकर मेडिकल संबंधी तमाम व्यवस्थाएं हों, दुर्घटनाग्रस्त गायों के लिए एबुलेंस हो, जहां गौ प्रेमियों को गाय के लिए हरा चारा, गुड़, तूड़ी, चोकर सब कुछ मिले, जहां आने जाने वाले की जुबां पर अपने आराध्य देव राधा कृष्ण का नाम आए। इसी पुनीत ख्याल से करनाल की संवेदी शखिसयत कृष्ण लाल तनेजा ने सन 2001 में गौशाला को 21 लाख रुपए देने का ऐलान कर दिया। मैं अकेला ही चला था जानिबे मंजिल मगर लोग मिलते गए और कारवां बनता गया, नामक प्रसिद्ध किसी शायर के शेर की तर्ज पर शहर के अन्य नामचीन गौभक्तों की मदद से अर्जुन गेट शिवपुरी रोड स्थित अन्य सभी गौभक्तों के सहयोग से गौशाला पर काम शुरू हो गया और आज की तारीख में अशोक नगर अर्जुन गेट शिवपुरी रोड पर दो एकड़ में बनी श्री राधा कृष्ण गौशाला गौ प्रेमियों के लिए ऐसी पावनस्थली है, जहां आज 1270 गाय हैं, 72 वर्कर हैं, वर्करों के लिए खाना रहना निरूशुल्क है। यही नहीं वर्करों की पगारें 20 से 30 हजार प्रतिमाह हैं। श्री राधा कृष्ण गौशाला व व्यापार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा भावभीने स्वर में कहते हैं कि ईश्वर से यही मांगता हूं कि अंतिम सांस तक गौमाता की सेवा करता रहूं।




गौभक्त गौ माता की सेवा के बाद आरती उतारकर मुरादें पाते हैं। यहां प्रतिदिन का खर्च एक लाख 5 हजार है, गौ प्रेमियों व शहरवासियों की प्रतिदिन की कलेक्शन ये सब पूरा होता है, दिक्कत कोराना काल में जरूर आई थी, लेकिन उस आपात अवस्था में भी कृष्ण लाल तनेजा सहित अन्य गौ भक्तों का हौंसला नहीं टूटा था। धार्मिक सस्कारों से ओतप्रोत मां पार्वती देवी व पिता मेहरचंद तनेजा के साथ-साथ दादा रोचि राम ने मिंट कुभरी पाकिस्तान से ही अपने लाड़ले सपूत कृष्ण लाल तनेजा के मन में बाल्यकाल से गौसेवा, जनसेवा के बीज डाले और बड़े होने के साथ-साथ ये बीज वृक्ष रूपी आकार ले गए। मां पार्वती देवी पहली रोटी बनाते हुए गौमाता की सेवा और हमेशा कबीर साहेब, तुलसीदास, रहीम व अन्य प्रसिद्ध कवियों संतों के दोहे गुनगुनाया करती। मां, पिता दादा की जुबां से निकली बहुत सी अच्छी बातें आज श्री राधा कृष्ण गौशाला के चारों ओर अंकित हैं, जो उनकी याद को दिल में सदा जिंदा रखती हैं। तनेजा कहते हैं कि गौशाला के निर्माण में बहुत समाजसेवियों, गौभक्तों ने सहयोग दिया है, उन सभी के आशीर्वाद से ही ही ये सब संभव हुआ है।

**गौसेवी**

**8 करनाल की संवेदी शखिसयत कृष्ण लाल तनेजा ने सन 2001 में गौशाला को 21 लाख रुपए देने का ऐलान कर दिया**

श्री राधा कृष्ण गौशाला के संचालक पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, संचालक कैलाश चंद गुप्ता, चीफ पैटर्न अजीत चावला, चेयरमैन महेश भाटिया, राजेंद्र राजपाल, डॉयरेक्टर विनीत भाटिया, प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, वरिष्ठ उपप्रधान विनोद खेतरपाल, उपप्रधान दीपक नारंग, महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी, सचिव विपिन शर्मा, सचिव रामस्वरूप पोपड़ा, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सह सचिव रवि चांदना, महाप्रबंधक जगन्नाथ बतरा, व्यवस्था प्रमुख जंग बहादुर कोछड़ा सहित तमाम गौ प्रेमियों का सहयोग इसमें निरंतर बना हुआ है। आजकल यहां फिरनैल व शुद्ध देसी घी के आटे के बिस्कुट बनाए जाते हैं, जिसकी रोजाना खपत 60-65 किलो है, इनकी डिमांड विदेशों में भी है। जख्मी गायों के लिए एबुलेंस, गोबर के लिए ट्रेक्टर, सफाई के लिए गोड़ी आदि सहित तमाम सुविधाओं के साथ गौसेवा का पुनीत स्थान है श्री राधा कृष्ण गौशाला।

## 'सूर्य नमस्कार के हमारे शरीर पर पड़ते हैं चमत्कारिक प्रभाव'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने प्रातः योग कक्षा अटल पार्क सेक्टर नौ पार्क में पहुंचकर साधकों को योग की विभिन्न क्रियाओं, आसन, प्राणायाम का विधिपूर्वक अभ्यास करवाया।
उन्होंने विशेष रूप से सूर्य नमस्कार के विभिन्न मंत्रों, आसनों का ज्ञान दिया और कहा कि सूर्य नमस्कार योग के दौरान सूर्य की ऊर्जा का हमारे शरीर में समावेश होता है। सूर्य नमस्कार के हमारे शरीर को चमत्कारिक प्रभाव पड़ते हैं, जिससे शरीर ऊजार्वान, बलवान और मजबूत बनता है। इस कक्षा के शिक्षक राजिंदर पपनेजा, शिवानी कांबोज एवम कुसुम राणा ने भी कक्षा के सदस्यों को विभिन्न प्रकार के आसन करवाए, जिससे शरीर में एकाग्रता, संतुलन बनाए रखा जा सके। दिनेश गुलाटी ने योग के दौरान बताया कि बीमारियों से बचाव के लिए योग, प्राणायाम सबसे कारगर साधन है। योग स्वस्थ जीवन जीने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बीमारी को नजरअंदाज करना ठीक नहीं। यदि हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है और श्वसन प्रणाली ठीक नहीं है तो योग ही ऐसा साधन है जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम विलोम प्राणायाम के अभ्यास से शरीर को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।

## अपराधों की समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

### एसपी ने अधिकारियों को दिए अपराध को नियंत्रित करने के उचित दिशा-निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कैथल रोड स्थित पुलिस लाइन के सभागार में जिले में घटित अपराधों की समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने की। बैठक के माध्यम से एसपी ने जिले में घटित होने वाले विभिन्न प्रवृत्ति के अपराधों की रोकथाम व जिला पुलिस की उपलब्धियां के बारे में विस्तृत चर्चा की। एसपी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार थानों को सात स्टार रेटिंग देने के तहत जिला के सभी थानों, चोंकियों की इमारतों की साफ सफाई, मरम्मत और पेंट आदि का काम माह के अंत तक निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही



जिले के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी इंचार्ज व स्पेशल यूनिट इंचार्ज को जिला में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उचित व प्रभावी कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि जिले में किसी भी प्रवृत्ति का अपराध घटित होने से रोका जाए। अपराध घटित होने की स्थिति में उसे जल्द से जल्द सुलझा कर पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाया जाए और असल आरोपी को जल्द से जल्द व सख्त सजा दिलाने के लिए जिला पुलिस द्वारा न्यायालय में पुख्ता पैरवी की जाए। पीडित व्यक्ति की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनकर व पढकर नियमानुसार त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा लंबे समय से पेंडिंग चल रहे

**निर्देश**

**8 पुलिस चौकी इंचार्ज व स्पेशल यूनिट इंचार्ज को जिला में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उचित व प्रभावी कदम उठाने के सख्त दिए**

मुकदमों का कारण जाना गया और जल्द से जल्द निपटारा करने के सख्त निर्देश दिए गए।
उन्होंने सभी थाना प्रबंधक, इंचार्ज से उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना गया और कुछ समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष समस्याओं के निपटारे के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए।

## ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए स्टाफ असंध की टीम की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विक्रांत उर्फ कंठी पुत्र रामफल सिंह और प्रीतम उर्फ मोनू पुत्र बलजीत सिंह वासी जिला जींद को बस स्टैंड अरडाना से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराई ट्रांसफार्मर कॉइल तांबा तार 18 किलोग्राम, वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल एचआर 31एल 7697 को बरामद किए गया।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने आठ सितंबर को असंध थाना के एरिया बाहरी से ट्रांसफर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में



नामालूम आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में ट्रांसफार्मर चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने थाना असंध के इलाका से करीब 6 ट्रांसपऊार्मर चोरी की वारदातो को अंजाम देने का खुलासा किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके एक दिन का रिमांड हासिल किया गया है।

## श्री श्याम बाबा कलयुग में अपने भक्तों का कर रहे उद्धार: सुरेंद्र गाबा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। शनिवार** को श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर महीने की भांति इस बार भी दो दिवसीय बस यात्रा शुरू की गई है। इस बार सालासर बालाजी, खाटू धाम, अग्रोहा धाम व लक्ष्मी माता मंदिर के लिए बस यात्रा रवाना हुई है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में यात्रियों ने भाग लिया। इस मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र गाबा ने बस के सामने पूजा अर्चना कर बस यात्रा को झंडी देकर रवाना किया।
सुरेंद्र गाबा ने यात्रा के दौरान सुंदर सुंदर भजन गाकर श्रद्धालुओं को निहाल किया।

## 'लाल डोरा से 3 किमी की दूरी वाले डेरों को भी दिए जाएंगे बिजली कनेक्शन'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** के बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश में राजस्व रिकार्ड अनुसार 6307 गांव है, जिनमें से 5700 में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। लाईन लॉस 31 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत रह गया है। एक प्रतिशत लाईनलॉस घटने से सरकार को 275 करोड़ रुपये की बचत होती है। अब विद्युत निगम घाटे से उबर चुका है और 2 हजार करोड़ के मुनाफे में है। लाल डोरा से तीन किमी दूर स्थिति डेरों को भी अब बिजली कनेक्शन दिये जायेंगे। रणजीत चौटाला आज जिले के गांव सौंकड़ा में सिख सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधायक धर्मपाल गौंदर, समाज सेवा भूपेंद्र सिंह तरावड़ी नगर

**राहत**

**8 घरों, स्कूलों, तालाबों आदि स्थानों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज तारों को सरकार अपने खर्च पर हटवायेगी**

पालिका चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, ब्लाक समिति चेयरमैन प्रवीन डबरथला, श्यामगढ़ की सरपंच गुल ढिल्लों, मास्टर अमर सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों की लोड बढ़ाने की मांग को पूरा किया है। घरों, स्कूलों, तालाबों आदि स्थानों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज तारों को सरकार अपने खर्च पर हटवायेगी। इस कार्य के लिये 151 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

## एडवोकेट्स एवं वालंटियर के लिए एसबीआई कलेक्ट पर हुई कार्यशाला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर व सीजेएम जसबीर कौर के सौजन्य से पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर के लिए एसबीआई कलेक्ट के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अकाउंटेंट सुश्री श्वेता कौशिक द्वारा सभी पैनल अधिवक्ताओं और वॉलिंटियर्स को ऑनलाइन कास्ट कैसे एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से सभी पैनल एडवोकेट्स या उनके क्लाइंट्स एसबीआई कलेक्ट पर जाकर भर सकते हैं और कास्ट को जो कि विभिन्न विभिन्न ज्यूडिशल कोर्ट के द्वारा लगाई जाती है,उसे कैसे एसबीआई कलेक्ट पर जाकर भर सकते हैं, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, साथ ही



साथ कास्ट कैसे भरी जाती है, सुश्री श्वेता कौशिक ने पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालंटियर की जिज्ञासा से भरे प्रश्नों का भी जवाब दिया।
उन्होंने बताया कि अगर किसी को मुफ्त कानूनी सलाह चाहिए तो वह जिला विधिक सेवाएं प्रदान के टोल फ्री नंबर 0184 2266138 पर संपर्क कर मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। यह मुफ्त कानूनी सहायता अनुसूचित जाति, जनजाति, वरिष्ठ नागरिक, महिला, बच्चे एवं कोई प्राकृतिक आपदा से पीड़ित व्यक्ति या किन्नर समुदाय या कोई जनरल कास्ट का जिसकी आमदनी 3 लाख रुपए से कम हो, ऐसा व्यक्ति मुफ्त कानूनी सेवा का हकदार होगा।

**कानूनी सलाह**

**8 विभिन्न विभिन्न ज्यूडिशल कोर्ट के द्वारा लगाई जाती है,उसे कैसे एसबीआई कलेक्ट पर जाकर भर सकते हैं**

## कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने का किया जाता है काम: जगमोहन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सेंट थेरेसा** कान्वेंट स्कूल ने अपनी परंपरा में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। प्रधानाचार्या सिस्टर प्रिया थेरेस की बुद्धि-ज्ञान से शिक्षा की प्रभावशाली सोच के तहत विज्ञान के नए आयाम, गणित की जिज्ञासा, इतिहास के तत्व भौगोलिक सत्य और भाषिक अनुसंधानों पर आधारित शैक्षणिक प्रदर्शनी अर्थात एकेडमिया एक्सपोजिशन का उद्धाटन प्रोविंशियल सुपीरियर एवं कारपोरेट मैनेजर नॉर्दर्न प्रोविंस सिस्टर इरास्मा बीएस ने किया। स्कूल बैंड की धुन पर सिस्टर प्रिया थेरेस ने गर्मजोशी से आज की मुख्य अतिथि सिस्टर इराज्मा का स्वागत किया।

## 'कृषि तकनीक को हस्तांतरित करने में सोशल मीडिया की अहम भूमिका'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में आज तकनीक हस्तांतरण हेतू सोशल मीडिया कौशल विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने की।
उन्होंने कहा कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु-पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल



विकास विभागों के विज्ञानिकों एवं विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। हर तरह का वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की भी सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों तक नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं, मौसम की जानकारी, बिमारियों का रोकथाम इत्यादि विषयों की जानकारी बड़ी तीव्रता से पंहुचाई जा सकती है। तकनीक हस्तांतरण करने में सोशल मीडिया का अहम योगदान है, क्योंकि सोशल मीडिया पर नवीन तकनीकों की जानकारी देकार किसानों को नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में कृषि अधिकारियों से मिलेट्स का उत्पादन बढ़ाने, उन्नत तकनीक, उच्च श्रेणी के बीज और सीड बैंक बनाने के बारे में अनुरोध भी किया। डॉ. कुमार ने प्रतिभागियों को मिलेट्स का प्रयोग कैसे करें इस विषय के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम के डॉ. सत्यकाम मलिक ने बताया कि प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर, झारखंड एवं बिहार के कृषि विज्ञान केंद्रों के विज्ञानिकों एवं विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है।

ACTION INDIA
करनाल, 08 अक्टूबर 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# संपादकीय

## श्रद्धा की अभिव्यक्ति ही श्राद्ध

**श्रद्धा** भाव है और श्राद्ध कर्म। श्रद्धा मन का प्रसाद है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारत में पूर्वजों पितरों के प्रति श्रद्धा की स्थाई भावना है। हम भारतवासी पूर्वजों के प्रति प्रतिपल श्रद्धालु रहते हैं लेकिन नवरात्रि उत्सवों के 15 दिन पहले से पूरा पखवारा पितर पक्ष कहलाता है। लोकमान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतरकर धरती पर आते हैं। हम सब पूरे वर्ष व्यस्ते रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति गहन श्रद्धा का प्रसाद सुख निराला है। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। पितरों का आदर प्रत्यक्ष मानवीय गुण है। पिता और पूर्वज हमारे इस संसार में जन्म लेने का माध्यम हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। वे न होते, तो हम न होते। उन्होंने पालन पोषण दिया। स्वयं की महत्वाकांक्षाएं छोड़ी। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे सदा सर्वदा नमस्कारों के योग्य हैं।

भारतीय विद्वानों ने श्रद्धा भाव को श्राद्ध कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न भोजन जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। श्रद्धा है कि अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलता है। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं। लेकिन तमाम कर्मकाण्ड आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं। लेकिन कर्मकाण्ड निरूद्देश्य नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होता ही है, होना भी चाहिए। श्राद्धकर्म को लेकर चलने वाली बहस पुरानी है। मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं?' इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, 'पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है, यदि पशु हो गए हैं तो भोजन घास हो जाता है यदि सर्प जैसे रेंगने वाली योनि में हैं तो यह भोजन वायु आदि के रूप में उन्हें मिलता है।' मत्स्य पुराण का यह उल्लेख महत्वपूर्ण है। यहां आए प्रश्न तत्कालीन समाज के ही तर्क हैं।

उत्तर श्राद्ध समर्थकों के स्पष्टीकरण माने जा सकते हैं। असल में श्रद्धा कर्म परम्परा पुरानी है और पुनर्जन्म मान्यता भी। ऋग्वेद में भी पुनर्जन्म का उल्लेख है। संतानों द्वारा प्रेषित भोजन पितरों तक पहुंच जाने के सिद्धांत का मूल श्रद्धा है। पुनर्जन्म सिद्धांत के कारण आत्मा के नए शरीर धारण की बात आई। आर्य समाज श्राद्धकर्म के पक्ष में नहीं है। उसने वैदिक दर्शन को प्रतिष्ठा दी। आर्य समाज ने ऋग्वैदिक पितरों को मृत नहीं माना। उन्हें जीवित वानप्रस्थी बताया। शतपथ ब्राह्मण में मंत्र है 'यह भोजन पिता जी आपके लिए है।' याज्ञवल्क्य की व्यवस्था है 'वसु, रूद्र और आदित्य हमारे पितर हैं। वे श्राद्ध के देवता हैं। पितरों का ध्यान वसु रूद्र और आदित्य के रूप में ही करना चाहिए। वृहदारण्यक उपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने शाकल्य को रूद्र और वसु का अर्थ समझाया है। यहां पृथ्वी, आकाश आदि वसु हैं, प्राण, इन्द्रियां मन आदि रूद्र हैं। आदित्य प्रकाश हैं। यहां प्रकृति की शक्तियों के प्रति पितर श्रद्धा है।

# चुनावी रथ में ही क्यों सवार होती हैं जन-हित योजनाएं



ललित गर्ग

"लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता"

**आजादी** के अमृतकाल के पहले लोकसभा एवं पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है, राज्यों में चुनावी सरगर्मियां उग्र हो चुकी है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें राजस्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुत पहले ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है, वे हर दिन किसी-न-किसी लुभावनी एवं जनकल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न योजनाओं की तरह अब उन्होंने प्रदेश के 240 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने का ऐलान किया किया है। निश्चित ही एक आदर्श राज्य के रूप में गहलोत की योजनाओं की देशभर में चर्चा हो रही है, लेकिन क्या इन योजनाओं के बल पर वे पुनः सत्ता प्राप्त करने में सफल हो पायेंगे? असल में गहलोत का मुकाबला इस बार सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने जा रहा है। मोदी पहले सीकर एवं अब जोधपुर में जनता का मानस बदलने एवं राजस्थान के गहलोत सरकार के घोटालों को उजागर किया है।

लोकलुभावन घोषणा एवं मुक्त की रेवड़ियां राजस्थान की तरह ही मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान भी बांट रहे हैं, अभी तो इनके बल पर चुनाव जीते जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ेगा, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति दे पाएंगी, इसमें संदेह है। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां देने की परम्परा दक्षिण से शुरू हुई थी, वैसी ही अब देश के अन्य प्रांतों में वहां की सरकारें कर रही हैं। अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही थे, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है।

निश्चित ही राजस्थान में लोकलुभावनी योजनाओं का जनता को लाभ मिला है, राजस्थान का कायाकल्प भी हुआ। गहलोत अपने राजनीतिक जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए एक कद्दावर नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। लेकिन मतदाता के मन में ये योजनाएं हैं या और कुछ? यह वक्त ही बतायेगा। लेकिन एक बात बहुत स्पष्ट है कि मतदाता अब ज्यादा जागरूक हुआ है तो गहलोत भी ज्यादा सर्तक, समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरू कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा प्रदेश की लगभग आठ करोड़ जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है।

विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह भाजपा की स्थिति को मजबूती देते हुए गहलोत सरकार को पछताड़े में लगे हैं। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। गहलोत प्रखर नेता के रूप में न केवल भीतर संघर्ष कर रहे हैं बल्कि भाजपा को चुनौती देने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दूरगामी सोच एवं राजनीतिक कौशल से अनेक प्रभावी योजनाओं को लागू किया है। आज राजस्थान एक ह्यआदर्श राज्यह्ल के रूप में उभरा है या नहीं? यह देश के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में से एक है भी या नहीं है? यह विश्लेषण के विषय हैं। आज देश में राजस्थान की चर्चा सबसे अच्छी सड़कों, सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं, सबसे अधिक विश्वविद्यालयों व सबसे आगे बढ़ने वाले राज्य से अधिक गहलोत की योजनाओं के रूप में हो रही है और यह सब योजनाएं चुनावी रथ पर सवाल होकर जीत को सुनिश्चित करने की चेष्ठा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है।

लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। राजस्थान के चुनाव का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश एवं प्रदेश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा करते हैं या येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत का सेहरा अपने सीर पर बांधना चाहते हैं। कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप दिल्ली एवं कर्नाटक सरकार ने बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी या नई गलियां निकाल ली। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करना अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। इस पर रोक नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम जनता को ही भुगतने पड़ेंगे। जो चुनाव सशक्त एवं आदर्श शासक नायक के चयन का माध्यम होता है, उससे अगर नकारा, ठग एवं अलोकतांत्रिक नेताओं का चयन होता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं देश की विडम्बना है। लेकिन गहलोत की ताजा शिक्षा योजना यदि चुनाव से न जुड़ी होती तो इस एक योजना से वे अनुकरणीय एवं आदर्श राजनेता बनकर उभरते? प्रश्न है कि ऐसी योजनाएं चुनाव के समय ही क्यों लागू की जाती है? आजादी के अमृतकाल में भी देश का गरीब तबका समुचित शिक्षा से वंचित है।

विद्यालयों की फीस देने में वह खुद को असमर्थ पाता है जिसकी वजह से उसमें हताशा का संचार भी देखने भी आया है। ऐसे वातावरण में सरकारों का ही यह दायित्व बनता है कि वे समाज के निचले तबकों को ऊपर उठाने के लिए शिक्षा के स्तर से ही ऐसी शुरूआत करें जिससे गरीब से गरीब का मेधावी बालक भी अपने सपनों को पूरा करके ऊंचे से ऊंचे पद तक अपनी योग्यता के अनुसार पहुंच सके।





# कविता

## दीवारों के कान होते हैं

ऐसे घर सर्वथा अब बेजान होते हैं,
दीवारों में जिनके अब कान होते है।

बेईमानी ईमान है उनका अब,
बेईमानो के अलग ईमान होते है।

सियासत में होती है चालबाजी,
हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।

पर्दा किया करो जितना हो सके,
रिश्तेदारों में भी हैवान होते है।

इबादत भी किया करो शिद्दत से,
खुदा भी कइयों से अनजान होते है।

चला करो सीधे रास्तो में हमेशा,
कई कई बड़े रास्ते सुनसान होते है।

कातिल भला बेखौफ क्यों है अब,
बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।

किस किस पर यकीन करोगे ,
सगे रिश्तो में भी शैतान होते है।

पड़ोसियों से भी रखो अच्छे संबंध
मुसीबत में वो सच्चे इंसान होते हैं।

संजीव

## ये खबरें प्रेरित तो करती ही हैं...

डॉ. प्रभात ओझा

**इन दिनों दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कम से कम** चार ऐसी खबरें आई हैं, जिनसे पढ़े-लिखे भारतीय जुड़ाव महसूस कर सकते हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है, फिर भी हमेशा की तरह विचारणीय है। पहले खबरों की चर्चा कर ली जाए। विज्ञान की दुनिया भले मानव मात्र के कल्याण की दृष्टि से शिखर पर हो, परन्तु खेल सर्वाधिक चर्चित है। हम भी पहले खेल के उस समाचार से शुरू कर सकते हैं, जिसने भारतीय चैनलों पर टीआरपी के मानक बनाए। पहली खबर यह है कि वर्ल्ड कप के पहले ही मैच में भारतीय मूल वाले न्यूजीलैंड के खिलाड़ी रचिन रविंद्र का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ जमकर चला। रचिन ने मात्र 82 गेंदो पर शतक बना डाला। उन्होंने 4 छक्के और 9 चौके लगाए। गेंदबाजी करते हुए भी उन्होंने एक विकेट लिया। रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के वेलिंग्टन में पैदा हुए हैं, लेकिन उनके माता-पिता भारतीय हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर पिता रवि कृष्णमूर्ती भी न्यूजीलैंड आने से पहले बेंगलुरु के लिए क्लब स्तर के क्रिकेट खेला करते थे। रोचक यह है कि उन्होंने दो मशहूर भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के नाम में से एक-एक अंश लेकर बेटे का नाम रचिन रविंद्र रखा। भारतीयों के लिए हाल की दूसरी बड़ी खबर अमेरिकी आतंरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन यानी नासा के वैज्ञानिक अरोह बड़जात्या ने दी है। अरोह भारतीय मूल के हैं। वे इसी 14 अक्टूबर को विशेष तरह के सूर्य ग्रहण के दौरान तीन रॉकेट लॉन्च करने वाले हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि इस तरह के सूर्यग्रहण के आसपास वायुमंडलीय बदलाव देखा जाता है। इसी दौरान रॉकेट लॉन्च करने का यह मिशन विशेष अध्ययन वाला होगा। अब साथ ही तीसरे समाचार में भारतीय मूल की वैज्ञानिक डॉ. जोइता गुप्ता की चर्चा करें। प्रोफेसर जोइता को जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित डच पुरस्कार मिला है। एम्स्टर्डम यूनिवर्सिटी के ह्यएम्स्टर्डम इंस्टीट्यूट फॉर सोशल साइंस रिसर्चह्ल में ग्लोबल साउथ में इनवायरोमेंट ऐंड डेवलपमेंट और विकास और आईएचई डेल्फ्ट इंस्टीट्यूट फॉर वॉटर एजुकेशन की इस प्रोफेसर को मिला यह पुरस्कार स्पिनोजा पुरस्कार के नाम से चर्चित है। इसे डच नोबेल के नाम से भी पहचाना जाता है। प्रश्न यह नहीं है कि नोबेल के समानांतर दुनिया में कितने पुरस्कार और कहा-कहां हैं। मूल बात यह है कि यह एक भारतीय मूल की वैज्ञानिक को दिया गया है। ये तीनों नाम भारतीय मूल के विशिष्ट लोगों की सूची में ताजा की तरह ही है।

आज हम नाम गिनाने को बैठें तो यह सूची हजार में पहुंच सकती है। अकेले अमेरिका और कनाडा का ही उदाहरण लें तो वहां की राजनीति, व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत से पहुंचे व्यक्ति अथवा उनकी अगली पीढ़ी खासा असर रखते हैं। इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचन की पूर्व प्रक्रिया चल रही है।

# विचार

## पत्थर होती मानवीय संवेदना

प्रियंका सौरभ

**आज** समाज में व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना का जिस तीव्रता से मुंह खोलती जा रही है वह बहुत शर्मनाक और चिन्ता का विषय है। बदलते दौर में भौतिकवाद के बढ़ते प्रभाव ने मनुष्य को स्वयं तक सीमित कर दिया है। आज का आदमी केवल अपने लिए जीता है और अपने लिए सोचता है और यही कारण है कि आज समाज में घटने वाली रोडरेज घटनाएं हो या रोड पर घटने वाली दुर्घटनाएं हो जिसमें आंखों के आगे लोग तड़प तड़प कर दम तोड देते है या वे दुर्घटनाएं जिसमें तमाशबीनो की भीड़ होने के उपरान्त भी असंख्य व्यक्ति सही समय पर सहायता न मिल पाने के कारण बेमौत मर जाते हैं। महाकाल की नगरी उज्जैन में वह लगभग निर्वस्त्र नाबालिग बेटी घंटों पनाह मांगती रही। पचासों मकानों के दरवाजे खटखटाये थे उसने, पर हर जगह से दुत्कारी गयी वह। ऐसी दुखद घटनाओं के पीछे लोगों में मानवीय संवेदना का पूर्ण अभाव देखने को मिलता है। संवेदना हृदय की अतल गहराई से आवाज देती प्रतीत होती है। संवेदना को किसी नियम अथवा उपनियम में बांधकर नहीं देखा जा सकता है। संवेदना की न तो कोई जाति होती है और न ही कोई धर्म। संवेदना मानवीय व्यवहार की सर्वोत्कृष्ट अनुभूति है। किसी को कष्ट हो और दूसरा आनंद ले, ऐसा संवेदनहीन व्यक्ति ही कर सकता है। खुद खाए और उसके सामने वाला व्यक्ति भूखा बैठा टुकर टुकर देखता रहे, यह कोई संवेदनशील व्यक्ति नहीं सह सकता। स्वयं भूखा रहकर दूसरों को खिलाने की हमारी परंपरा संवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। संवेदना दिखावे की वस्तु नहीं बल्कि अंतर्मन में उपजी एक टीस है, जो आह के साथ बाहर आती है। संवेदना मस्तिष्क नहीं बल्कि दिल में उत्पन्न होती है। यही संवेदना मनुष्य को महान और अमर बना देती है। आज प्रतिस्पर्धा के दौर में मानवीय संवेदना पूरी तरह से मृत हो गई है। कुछ ही अर्सा पहले हमने मीडिया में मणिपुर की उन दो महिलाओं की शर्मनाक खबर देखी-सुनी थी, जिन्हें निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया था। निर्वस्त्र कहने से शायद बात की गंभीरता उतनी उजागर नहीं होती जितनी नंगा कहने से होती है। सैकड़ों लोग थे मणिपुर की सड़कों पर निकाले गये मनुष्यता को शर्मसार करने वाले उसे जुलूस में। कहां चली गयी थी उनकी आंखों की शर्म? क्यों उस भीड़ में किसी को इस बात पर शर्म नहीं आयी कि महिलाओं के साथ यह व्यवहार समूची मानवीय संवेदनाओं के पत्थर होते जाने की कहानी कह रहा है? मणिपुर की उस भीड़ में शामिल हर व्यक्ति वहशी नहीं हो सकता, तो फिर उस भीड़ में से किसी ने यह आवाज क्यों नहीं उठायी कि यह अत्याचार असह्य है? मानवीय संवेदनों के पत्थर होने की टीस के पीछे बहुत से कारण है जो हमने खुद पैदा किये है जैसे-तीव्र गति से बढ़ती नगरीय जनसंख्या, तीव्र गति से बढ़ती शिक्षित बेरोजगारी, नैतिक मूल्क प्रेरक शिक्षा का अभाव, प्रतिस्पर्धा का दौर, संयुक्त परिवार का विघटन, एकाकी परिवार में वृद्धि, बच्चों के सामुहिक खेलों का अभाव, मोबाइल का अत्यधिक बढ़ता उपयोग, दूरदर्शन पर भ्रमित करते धारावाहिक, मीडिया द्वारा छोटे-छोटे घटनाओं की अधिक बढ़ाकर बताना, घट रहा आपसी भाईचारा, स्वयं की अधिक से अधिक घर की चार दीवारी में समेटना, व्यक्तिगत वाहनों की संख्या में वृद्धि, लूटपाट की वारदातों में वृद्धि, भावुकता का नजायज लाभ उठाना, दूषित पर्यावरण, बच्चे का घर में अकेले रहना, बच्चों को संवेदनाओं वाली कहानी व दुनाना, गाँव में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध न कराना। हम गाँव से शहर की ओर तो बढ़ रहे है, और पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण कर रहे है, लेकिन हम अपनी विंब प्रसिद्ध संस्कृति को खो रहे है।

वह मानव जिसकी पहचान ही उसके मानवीय गुणों जैसे कि सहानुभूति, संवेदना, दुःख आदि होती है और यही गुण मनुष्य में न रहेंगे तो मानव और पशु में अंतर करना ही असंभव हो जायेगा। हमारे समाज में आये दिन जिस प्रकार की मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाएं घटित हो रही है वह वास्तव में हमारे संवेदनहीन हो रहे समाज की छवि को प्रदर्शित करती है। हाल के वर्षों में ऐसी असंख्य दुखद घटनाएं घटित हुई जिसमें मानवता भी शर्मसार हुई।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## शौर्य का पर्याय भारतीय वायुसेना

आर.के. सिन्हा

**भारतीय वायुसेना के शौर्य पर हम भारतीय नागरि**क जितना चाहें गर्व कर सकते हैं। देश आठ अक्टूबर को वायुसेना स्थापना दिवस के रूप में मनाता है। इसकी स्थापना 1932 में आठ अक्टूबर को हुई थी। तब तो अंग्रेजी हुकूमत के दिनों में इसे रायल इंडियन एयरफोर्स कहा जाता था। भारतीय वायुसेना को उसके कार्यों और देश की मजबूत सुरक्षा में योगदान के लिए हमेशा याद रखा ही जाना चाहिए। भारतीय वायुसेना की शक्ति सारे देश और देशवासियों को आश्वस्त करती रहती है। जब भी दुश्मन ने भारत पर हमला किया तो वायुसेना ने सेना के बाकी अंगों के साथ मिलकर शत्रु की गर्दन में ऐसा अंगूठा डाला है जिससे उसकी जान निकल गई है । भारतीय वायुसेना के गौरवमयी इतिहास से सारा देश परिचित है। अगर बात 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से शुरू करें तो फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की याद आना स्वाभाविक है।

वे उस वक्त राजधानी के रेस कोर्स स्थित एयर फोर्स स्टेशन में ही रहते थे, जब 1971 की जंग छिड़ी थी। वे भारत की जंग में विजय के नायकों में से थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले में 1946 में हुआ था। 1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायुसेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तनाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान की कमर तोड़ डाली थी, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है।

## कहाँ गए मास्क

डॉ. सुरेश कुमार

**कचरा** कुंडी में हजारों की संख्या में मास्क पड़े हुए हैं। सबकी हालत नोटबंदी से भी बदतर है। नोटबंदी के दिनों में कम से कम पुराने नोटों को निश्चित समय के भीतर बैंक में लौटाने पर उसके बदले नए नोट तो मिल जाते थे। किंतु इन्हें लेने वाला कौन है? राजनीति में ह्यउतरनह्ल का इस्तेमाल जितना श्रेष्ठ माना जाता है, भौतिक वस्तुओं का इस्तेमाल उतना ही निकृष्ट माना जाता है। हजारों की संख्या में पड़े मास्कों की पीड़ा अंतहीन है। वे भी जनता की तरह चुपचाप सहने के लिए विवश हैं। उन्हीं में से तीन मास्क ऐसे हैं जो नेता बनने के सभी गुण रखते हैं। नेता बनने के लिए मुद्दों की तलाश से ज्यादा जिद्दी होना जरूरी होता है। मौन और मंदस्वर की भेंट चढ़ने वाले तर्कसंगत मुद्दे जिद्दी नेता की कमी के चलते प्राण त्याग देते हैं। जबकि तर्कहीन और हास्यास्पद से लगने वाले मुद्दे उक्त नेताओं के चलते बड़ी सुर्खियां बटोर लेते हैं। यही कारण है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसे मुद्दे जमीन के भीतर दफना दिए जाते हैं और किसी रईसी औलाद की जमानत देश के लिए जीने-मरने का सवाल बन जाता है।

कचरा कुंडी में मास्कों की एक चर्चा चल रही है। नया मास्क, टूटा मास्क और लाल मास्क अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं। बाकी मास्क उनकी चर्चा बड़ी ध्यान से सुन रहे हैं।

**नया मास्क:** क्या हो रहा है टूटा भैया! क्या हाल चाल है? इधर-किधर आ गए?

टूटा मास्क: हाल-चाल क्या बताऊँ नया भैया! देख रहे हैं न इधर पड़ा हूँ और जमीन की धूल फाँक रहा हूँ। ससुरा पता नहीं चलता है कि मेरा जन्म किस लिए हुआ है?

नया मास्क: ऐसा मुँह लटकाने से क्या होगा। थोड़ा खुलकर बताओ। मैं भी समझूँ कि तुम्हारे साथ क्या हुआ है।

**टूटा मास्क:** क्या बताऊँ भैया! जिस मूरख ने मुझको दुकान से खरीदा था, उसने कभी मुझे मुँह-नाक पर नहीं रखा। उसके नाक पर तो चौबीस घंटे गुस्सा रहता था। जहाँ तक मुँह की बात है तो उसमें उसने गुटखा-खैनी, पान-तंबाकू की कंपनी खोल ली है। कभी उसने मेरी कद्र नहीं की! जब देखो तब मुझे ठुड्डी पर चढ़ाए रखता था। परिणाम यह हुआ कि एक मेरी एक टंगनी टूट गई। इसीलिए उसने मुझे यहाँ फेंक दिया।

# 'ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों की समस्याओं का करें समाधान'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**लंबे** समय से विभिन्न ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में रह रहे लोगों की समस्याओं के स्थाई समाधान की दिशा में उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कदम बढ़ाये हैं, जिनका दोनों पक्षों ने स्वागत किया। उपायुक्त ने संबंधित बिल्डर्ज को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश देते हुए आरडब्ल्यूए को मैनटेनेंस का प्रभार लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जिस पर बिल्डर्ज और आरडब्ल्यूए ने सहमति व्यक्त की। शनिवार को लघु सचिवालय में ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों के संचालकों और संबंधित आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ बिल्डर व आरडब्ल्यूए को एक साथ बिठाकर समाधान की दिशा में प्रयास किये, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। सर्वप्रथम उन्होंने टीडीआई टसकन व टीडीआई इस्पेनिया तथा किंग्सबरी की आरडब्ल्यूए व प्रतिनिधियों के साथ बिल्डर



की बैठक ली। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने स्पष्टद किया कि हमें मिलकर समाधान करना है। इसके लिए सबका सहयोग अपेक्षित है। उम्रभर की नेक कमाई से सोसायटी में घर खरीदने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान जरूरी है। इसके लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। लोगों का कहना था कि उनकी सोसायटी में काम पूरे नहीं हुए। साथ ही बिजली, पानी, सिक्योरिटी, सीवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बिजली का सब स्टेशन, सडकें आदि व्यवस्थाएं भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एस्क्रो अकाउंट खुलवाकर आरडब्ल्यूए को मैनटेनेंस का कार्यभार सौंपा जाए। बिजली के सब स्टेशन की स्थापना के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाए। उपायुक्त ने टीडीआई बिल्डर को निर्देश दिए कि वे किसानों के साथ अपने सभी मामलों का शीघ्र निपटारा करें। साथ ही जिनको प्लॉट दिए गए

**प्रयासरत**

**8 उम्रभर की नेक कमाई से सोसायटी में घर खरीदने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान जरूरी है। हर संभव प्रयास किये जायेंगे**

हैं उनको प्लॉटों तक जाने के लिए रास्ते की सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित करें। सभी प्लॉटों को सडकों से जोड़ा जाए और जिनकी कनैक्टिविटी नहीं है उन्हें मैनटेनेंस में छूट दी जानी चाहिए। यमुना कनाल से लोगों को पेयजल की आपूर्ति करवाना भी सुनिश्चित किया जाए।
उपायुक्त ने पाश्र्वनाथ के ए व बी ब्लॉक में रजिस्ट्रियां न होने संबंधी समस्या का समाधान मौके पर ही करवाते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पावर हाउस तथा एसटीपी की स्थापना के लिए बिल्डर को भी विशेष निर्देश दिए।
अंसल तथा मैक्स हाइट्स के मामलों की सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने मैक्स हाइट्स बिल्डर को अंसल के अंदर से लिए गए रास्ते का निर्माण करवाने को कहा। साथ ही उन्होंने अंसल में किसी भी प्रकार की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छे रखरखाव के लिए बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट (बीओएम) का गठन कर आरडब्ल्यूए के चुनाव करवाने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रंगोली बिल्डर्स और उसकी आरडब्ल्यूए के साथ विवादों के निपटान के लिए दोनों पक्षों को साथ बैठकर समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त की मध्यस्थता से दोनों पक्ष आपसी रजामंदी से मामले का समाधान करवाने के लिए राजी हो गए।
इस दौरान डीसीपी गौरव राजपुरोहित, एसडीएम अमित कुमार, जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ प्रदीप ड्रूसह सहित विभिन्न विभागीय अधिकारीगण तथा बिल्डर्ज और आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### 'जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से 14 से 21 अक्तूबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं स्थानीय बाल भवन में आयोजित की जाएंगी'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**



जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए चार समूह निर्धारित किए गए हैं। पहले समूह के लिए 5वीं कक्षा तक, दूसरे समूह में 6 से 8वीं तक, तीसरे में 9वीं से 10वीं कक्षा तक और चौथे समूह में 11वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग लें सकेंगे। 14 अक्तूबर शनिवार को प्रात: 9 बजे बाल भवन में ग्रुप तीन और चार के लिए समूह नृत्य, ग्रुप चार के लिए देशभक्ति समूह गान, ग्रुप तीन व चार के लिए रंगोली व थाली/कलश सजावट प्रतियोगिता आयोजित होंगी। 16 अक्तूबर को ग्रुप दो के लिए सोलो सांग, गुप तीन के लिए देशभक्ति समूह गान, ग्रुप दो, तीन, चार के लिए स्केचिंग ऑन दा स्पॉट और ग्रुप चार के लिए वन एक्ट प्ले होगा। उन्होंने बताया कि 17 अक्तूबर को ग्रुप दो, तीन व चार के लिए क्लासिकल डांस सोलो, ग्रुप तीन के लिए फन गेम ब्वाय एवं गर्ल्ज, ग्रुप एक के लिए कार्ड मेकिंग, ग्रुप एक व दो के लिए क्ले मालडिंग, ग्रुप दो के लिए दीया कैंडल डेकोरेशन और ग्रुप एक के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। 18 अक्तूबर को ग्रुप एक व तीन के लिए सोलो डांस, ग्रुप दो, तीन व चार के लिए क्वीज प्रतियोगिता, ग्रुप एक व दो के लिए बेस्ट ड्रामेबाज और अंग्रेजी व हिन्दी में लेखनी, 19 अक्तूबर को ग्रुप तीन व चार के लिए सोलो डांस, ग्रुप दो के लिए देश भक्ति ग्रुप सोंग आयोजित होंगे। 20 अक्तूबर को ग्रुप दो, तीन व चार के लिए किसी भी सामाजिक मुद्द्दों जैसे जल बचाव, पर्यावरण, पृथ्वी, त्योहारों, कार्यक्रमों, चन्द्रयान-3 इत्यादि पर पोस्टर मेंकिंग, ग्रुप दो के लिए सोलो डांस और ग्रुप तीन व चार के लिए भाषण प्रतियोगिता होगी। अधिक जानकारी के लिए बाल भवन में 0180-2652527 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### लक्ष्मी रामलीला में हुआ लक्ष्मण मूर्छा का मंचन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**श्री लक्ष्मी रामलीला ड्रामाटिक क्लब विष्णु कॉलोनी द्वारा रेलवे रोड स्थित भगवान परशुराम चौंक के सामने पुराना थाना ग्राउंड में आयोजित रामलीला में शुक्रवार रात्रि कलाकारों ने लक्ष्मण मूर्छा,हनुमान जी द्वारा वैद्य सुषेण को लंका से उठाकर लाना और संजीवनी बूटी आदि प्रसंगों के द्दश्य दिखाए गए। रामलीला द्दश्यों के अंतराल में राम-लक्ष्मण द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को लोरी दी गई। दर्शकों ने जय श्री राम का पवित्र उद्घोष किया। इस अवसर पर बफार्नी सेवा मंडल के महासचिव अजय गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि श्रीराम आरती में हिस्सा लिया। क्लब के प्रधान मा. सुंदरलाल ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न प्रदान किया।रामलीला के मंच पर अपने संबोधन में अजय गुप्ता ने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में मनुष्य भौतिकवादी सुखों की ओर दौड़ रहा है, जिस कारण वह भारतीय संस्कृति को अनदेखा करके पाश्चात्य संस्कृति को अपना रहा है। रामलीला के मंच पर निर्देशक मोहन लाल नागपाल ने रावण,महेंद्र ठाकुर ने राम,सुभाष सैनी ने लक्ष्मण,अश्वनी कुमार ने मेघनाथ, कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान, ओम प्रकाश चनालिया ने विभीषण, पारस सरदाना ने अंगद, रमेश चुघ ने वैद्य सुषेण, नितिन सिंगला ने सुग्रीव और गोविंद ने जामवंत का रोल किया। मंच का संचालन स्टेज सेकेट्री हुकमचंद धवन ने किया। कार्यक्रम में सरंक्षक सुरेंद्र कुमार गुप्ता,चेयरमैन राजिंद्र कुमार गर्ग,प्रधान मास्टर सुंदर लाल,उपप्रधान गुलशन कुमार रतडा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कालड़ा, रामअवतार मित्तल,मुख्य निर्देशक कुलवंत सिंह भट्टी,निर्देशक मोहन लाल नागपाल व सह निर्देशक राजेश बंसल आदि मौजूद रहे।

### आप सरकार बनाने पर सभी को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए कार्य किये जायेंगे: मलिक

**पानीपत, कमाल हुसैन** आम आदमी पार्टी संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा मैं सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई हैं । अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 43गांव और 50 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके हैं। जो लगभग हल्का ग्रामीण क्षेत्र का 75% से अधिक होता है। आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा की गावँ नांगल खेड़ी और सिवाह की कॉलोनियों मे डोर टू डोर कैंपेन किया।

## करनाल में आज होगी मजदूरों की ललकार रैली: सीटू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** सीटू की जिला प्रधान अनीता ,सचिव राजेश टॉकी , कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने संयुक्त ब्यान जारी करते हुए कहा कि 8 अक्टूबर को मजदूरों की ललकार रैली करनाल के सेक्टर 12 हुडा ग्राउंड में होगी। जिसमें सोनीपत जिला से हजारों परियोजना वर्क्स आशा, आंगनवाड़ी, मिड डे मील, क्रैच वर्क्स, शहरी ठेका सफाई कर्मचारी, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, वन मजदूर, बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर आउटसोर्स कर्मचारी, विश्वविद्यालय मुरथल आउटसोर्स कर्मचारी के अलावा औद्योगिक मजदूर, ग्रामीण चौकीदार, ठेका कर्मचारी बडी संख्या में तैयारी के साथ करनाल पहुंचेंगे। जोर देकर कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा की सरकार आई है मजदूरों पर हमले बढे है ,महंगाई, बेरोजगारी विकराल रूप धारण करती जा रही है, सरकारी क्षेत्र में पक्की भर्ती नहीं की जा रही है, कौशल रोजगार निगम के नाम पर मजदूरों को रेगुलर जॉब वर्क से दूर किया जा रहा है, मजदूरों का न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं किया गया है, परियोजना वर्करों एवं कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है, लंबे समय से न्यूनतम वेतन 26000 की मांग को लटका कर रखा है, सभी यूनियंस लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

## सैन धर्मशाला में रविवार को होगी समाज की बैठक

**नीयत पर सवाल**

**8 -सैन अधिकारी सम्मान समारोह की कामयाबी पर आभार जताया**

**टीम एक्शन इंडिया एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
सैन एकता विकास संगठन हरियाणा की गोहाना ईकाई ने बैठक का आयोजन किया। पिछले महीने आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने पर समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक प्रो. शमशेर भंडेरी ने की।



सैन समाज की बैठक रविवार को सैन धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। प्रा. भंडेरी ने कहा कि 10 सितंबर को पानीपत रोड स्थित जेके गार्डन में जननायक कपुरी ठाकुर सैन खेल प्रतिभा सम्मान, सैन अधिकारी सम्मान व सैन वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसके चलते सफल समारोह का आयोजन किया।
इसके लिए समाज के लोगों का दिल से आभार।
आठ अक्टूबर रविवार को संगठन की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक सैन धर्मशाला गोहाना में होगी। बैठक में कार्यक्रम पर हुए खर्च का ब्योरा दिया जाएगा। आम सभा में प्रदेशभर से समाज के लोग पहुंचेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारी सोमपाल चौहान, प्रधान बब्लु, युवा पदाधिकारी सोनू सैन, प्रवीण सैन, विनोद सैन, विजय चौहान, अनिल सैन आदि मौजूद रहे।

## तीन ढाणीयों की फिरनियां होंगी पक्की

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** नांगल चौधरी हलके के गांव नायन की ढाणी छावड़ी, ढाणी चीमी एवं ढाणी बिसना की फिरनियों को पक्का करने के लिए हरियाणा सरकार ने 87 लाख 85 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही 15 किलोमीटर की लम्बाई के एक से दूसरे गांव को जोड़ने वाले रास्ते भी पक्के करने की स्वीकृति सरकार से प्राप्त हो चुकी है। इसमें मुख्य रूप से इस्लामपुर से मूसनोता बॉर्डर, गंगूताना से दौखेरा, बसीरपुर व्यायामशाला से मुकुंदपुरा रास्ता, ढाणी किशना की से पीडब्ल्यूडी रोड, मेघोत हाला फिरनी से बखरीजा बॉर्डर, रायमलिकपुर से गोठड़ी बार्डर, अकबरपुर से भोजावास, बलाहा कला से नावता बॉर्डर, दोचाना राजवंशी स्कूल से जादूपुर, जालपोड़ा से ऊँटोली रोड, बदोपुर नदी का रास्ता, कमानियां से अकबरपुर स्कूल सम्मिलित है।

## मानेसर की तर्ज पर किया जा रहा खरखौदा का विकास: सांसद

### 'मारूति- सुजुकी प्लांट से खरखौदा के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेगी, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा'

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**
**खरखौदा (सोनीपत)** सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि आने वाले समय में खरखौदा दूसरे मानेसर के रूप में जाना जाएगा। मानेसर की तर्ज पर ही खरखौदा का विकास किया जा रहा है। मारूति- सुजुकी प्लांट से खरखौदा के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेगी, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। सांसद रमेश कौशिक ने जनसंवाद कार्यक्रमों के अंतर्गत शनिवार को खरखौदा-सोनीपत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। जिसकी शुरूआत उन्होंने सैदपुर गांव से की। उसके बाद उन्होंने सोहटी, सिलाना तथा



रोहट और ककरोई में जनसंवाद कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। सभी कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनकी जय-जयकार के नारे लगाये। सांसद ने सैदपुर में नवनिर्मित पार्क को भी लोकार्पित किया। जनसंवाद के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सोनीपत में विकास के नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। जिसका फायदा खरखौदा को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम के विकास को मारुति के आने से ही बल मिला। अब खरखौदा में मारुति का प्लांट लगाया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को नई बुलंदी मिलेगी। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि सांसद के नाते उन्होंने सोनीपत संसदीय क्षेत्र को केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने का प्रयास किया है।
रेल कोच फैक्टरी, रेलवे कंटेनर डिपो, रेलवे स्टेशन को अपग्रेड करवाना और राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण का पूरा फायदा सोनीपत को मिला है। आजादी के बाद से सोनीपत क्षेत्र में एक ही राष्ट्रीय राजमार्ग था, जबकि आज इनकी संख्या कई गुणा बढ़ चुकी है। जींद को भी इसका पूरा लाभ मिला है। हरिद्वार, मेरठ जाना बहुत सरल हो गया है। कटरा जाने के लिए भी राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जा रहा है।

## नहर टूटने के मामले की जांच करवाने का आग्रह किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**दिल्ली** को पानी ले जाने वाली पश्चिमी यमुना नहर का देर रात किनारा टूटने की सुचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने मौका मुवायना किया और बार - बार नहर टूटने के मामले की जाँच करवाने का आग्रह किया। नहर टूटने से दिल्ली को पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई और खेतों में जबरदस्त नुकसान हुआ है।
राजीव जैन ने कहा कि ग्रामीणों के अनुसार बार बार नहर टूटने का कारण नहर में जमा होने वाली गंदगी है जिससे पानी में रुकावट होकर पानी का दबाव बढ़ने से नहर टूट जाती है।



राजीव जैन ने कहा कि नहर कि सफाई के लिए बजट देना दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है परन्तु दिल्ली सरकार ने 15 वर्षों में पहली बार नहर टूटने के बाद सिंचाई विभाग हरियाणा को बजट जारी किया है।
राजीव जैन ने कहा कि नहर तीन माह पहले भी टूटी थी और सिंचाई विभाग ने इसकी मरम्मत करवा दी थी परन्तु न जाने फिर दोबारा नहर कैसे टूटी। उन्होंने बताया कि पहले जब नहर टूटी तब धान की बुवाई चल रही थी और अब नहर टूटने से धान की फसल, घरों एवं गौ उपचार केंद्र में भी नुकसान हुआ है ।
उन्होंने दिल्ली सरकार से पीड़ितों को पुराने तथा अब हुए नुकसान का भी मुवावजा देने कीमांग की है।
उन्होंने बताया कि वह इस सम्बन्ध में हरियाणा सरकार से भी आग्रह करके नुकसान की रिपोर्ट दिल्ली सरकार को भिजवाकर मुवावजा दिलवाने की मांग रखेंगे।

**मांग**


**8 हरियाणा सरकार से भी आग्रह करके नुकसान की रिपोर्ट दिल्ली सरकार को भिजवाकर मुवावजा दिलवाने की मांग रखेंगे**

## ग्रीन पटाखों को छोडकर पटाखों की बिक्री पर बैन

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरियाणा** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से प्राप्त दिशानिर्देशों के तहत जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 और दा एक्सप्लोसिव एक्ट 1884 एण्ड दा एक्सप्लोसिव रूल्स के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में ग्रीन पटाखों को छोडकर किसी भी तरह के पटाखों, लड़ीदार पटाखों और लड़ीयों (अग्नीशमन कार्यो में प्रयोग होने वाले बेरियम लवण) इत्यादि के उत्पादन, बिक्री और जलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।
आदेशानुसार ग्रीन पटाखों के लिए दिपावली या अन्य त्यौहार गुरू पर्व इत्यादि के दिन भी रात 8 से 10 बजे तक का समय रखा गया है।

## डीसी और एसपी पहुंचे नीरज चोपड़ा के घर

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
हाल ही में एशियाई खेलों में जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर घर लौटे नीरज चोपड़ा को बधाई देने के लिए शनिवार को डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत गांव खंडरा स्थित उनके घर पहुंचे।
उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया और एसपी अजीत सिंह शेखावत ने जिला प्रशासन की ओर से पुष्प कुछ देकर नीरज का स्वागत किया और उन्हें बधाइयां दी। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नीरज हमारे पानीपत की ही नहीं पूरे देश की शान है और पूरे देश को नीरज चोपड़ा पर नाज है। उन्होंने कहा



कि पहले एथलेटिक्स में भारत का कोई भी मेडल नहीं आता था अब नीरज से प्रेरणा पाकर दूसरे खिलाड़ी भी आगे बढ़ रहे हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत के दूसरे नंबर के जैवलिन थ्रो के खिलाड़ी ने भी मेडल प्राप्त किया है। नीरज चोपड़ा ने जिस तरह से इतिहास रचा है उस पर हम सबको गर्व है। उन्होंने नए आयाम तो स्थापित किए ही हैं, साथ ही साथ उन्होंने लीक से हटकर नई लाइन खींची है, जिस पर आज का युवा चल रहा है और खेलों में अपना नाम आगे बढ़ा रहा है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि भारत को कई सालों बाद महान खिलाड़ी मिला है जो हमारे देश का नाम रोशन कर रहा है उन्होंने नीरज के सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरक हैं।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सीआईए** टू पुलिस ने करहंस मोड़ पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जय गणेश निवासी जांजोखर मेरठ यूपी के रूप में हुई। पानीपत, कमाल हुसैन सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम शुक्ररवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान थाना समालखा क्षेत्र के अंतर्गत केसर ढ़ाबा के नजदीक जीटी रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की करहंस मोड़ पर संदिग्ध किस्म का एक युवक किसी के इंतजार में खड़ा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता



मानते हुए मौके पर दंबिश दी तो हरे रंग की टी शर्ट पहने खड़ा युवक पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान जय गणेश पुत्र कर्णपाल निवासी जांजोखर मेरठ यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई लोअर की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि आरोपी जय गणेश के खिलाफ थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। शौंक पूरा करने के लिए वह उक्त देसी पिस्तौल को करीब 3 महीने पहले गाजियाबाद यूपी में एक अज्ञात युवक से 3 हजार रूपए में खरीद कर लाया था।

## सांस्कृतिक उत्सव 'प्रतिभा खोज' का सफलतापूर्वक समापन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राजकीय** महाविद्यालय बड़ौता में सांस्कृतिक समिति द्वारा सांस्कृतिक उत्सव 'प्रतिभा खोज' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के गायक विजय मलिक ने विद्यार्थियों की जोरदार मांग पर अपने सुपरहिट गाने सुनाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। विजय मलिक को ओके लाइफ केयर के द्वारा एमेर्जिंग यूथ आइकॉन का अवॉर्ड भी मिल चुका है। सोनी म्युजिक और टी सीरीज जैसी दिग्गज संगीत कम्पनियों के गाने गा चुके विजय मलिक ने अपने सुपरहिट गानों जैसे हरियाणा सरकार के खेल एंथम धुम्मा ठा



दयान्गे, देखण दे, रात बाकी है, नैन कटोरे आदि गानों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विजय मलिक ने विद्यार्थियों को अपनी कला को निखारने और मंच पर दिखाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह हुड्डा ने मुख्य अतिथि विजय मलिक और विशिष्ट अतिथि बड़ौता गाँव के सरपंच संदीप हुड्डा का आभार व्यक्त किया।
संदीप हुड्डा ने मंच से बोलते हुए महाविद्यालय को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ सरिता मलिक और डॉ मीना देवी ने कार्यक्रम का संयोजन व मंच संचालन किया। हिंदी, उर्दू, पंजाबी, हरियाणवी व अंग्रेजी कविता पाठ, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, गीत, गजल, भजन, मिमिक्री, नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ सरिता मलिक ने सभी अतिथियों, प्राचार्य, शिक्षिकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों व विद्यार्थियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।
दीपेश, रोबिन, आशा, आशु, सुमन, राहुल, शुभम, अक्षत आदि विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान दिया।

**अवॉर्ड**

**8 गायक मलिक ने विद्यार्थियों की मांग पर अपने सुपरहिट गाने सुनाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया**

# पी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां तेज

## कन्वेंशन सेंटर यशोभूमि में होगा आयोजन

**दिशा-निर्देश**

8 आपसी समन्वय बनाते हुए कन्वेंशन के आसपास के क्षेत्र को विकसित करने के लिए कहा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपंचद्र काण्डपाल**
**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने राजधानी में होने वाले नौवें पी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर, द्वारका स्थित कन्वेंशन सेंटर यशोभूमि व इसके आसपास की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। इस शिखर सम्मेलन में अब केवल छह दिन शेष हैं। यह समीक्षा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पिछले दो वर्षों से भी अधिक समय से इस क्षेत्र में हो रही निर्माण गतिविधियों के कारण आयोजन स्थल पर भूनिर्माण, सड़कों की मरम्मत, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का पुनरुद्धार आदि के मामले में अभी काफी काम पूरा होना बाकी है।
**अधिकारियों को एलजी ने दिए निर्देश:** उपराज्यपाल ने कहा कि परिसर के बाहर काफी कुछ करने की जरूरत है और परियोजना डेवलपर लार्सन एंड टुब्रो, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), एमसीडी और पीडब्ल्यूडी से आईटीपीओ में भारत मंडपम, जहां हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ था, की तर्ज पर आपसी समन्वय बनाते हुए कन्वेंशन के आसपास के क्षेत्र को विकसित करने के लिए कहा। उपराज्यपाल ने मौके पर ही दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ प्रतिनिधियों की आवाजाही के लिए यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की और निर्बाध परिवहन और यातायात संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा उपयोग में किए जाने वाले मार्ग से मलबा, बैरिकेड, क्रैश बैरियर और अवैध होर्डिंग्स को हटाने के लिए विशेष निर्देश दिए।

### स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक करने का निर्देश

**दिल्ली** पुलिस को कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास पीसीआर वैन, एम्बुलेंस और फायर टेंडर की तैनाती का काम सौंपा गया है। एलजी ने कार्यक्रम स्थल के चारों तरफ सही ब्रांडिंग साइनेज, झंडे लगाने के लिए पोल लगाने को भी कहा और विशेष रूप से गेट नंबर 1 और 4 के बीच खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को 10 अक्टूबर तक 10,000 फूलों के पौधे वाले गमले उपयुक्त ढंग से लगाने का निर्देश दिया गया, जिससे 12 तारीख को शिखर सम्मेलन शुरू होने पर उनमें फूल खिल सकें। उपराज्यपाल के साथ इस मौके पर मुख्य सचिव, एनडीएमसी अध्यक्ष, पीडब्ल्यूडी के प्रधान सचिव, एमसीडी आयुक्त, डीडीए उपाध्यक्ष, प्रधान वन संरक्षक, विशेष सीपी (यातायात) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने संभावित व्यवस्थाओं के विवरण पर चर्चा की। पी-20 शिखर सम्मेलन, 12-14 अक्टूबर, 2023 को अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के सहयोग से भारतीय संसद द्वारा आयोजित किया जाना है।

# संजय सिंह के करीबी विवेक त्यागी से ईडी ने की पूछताछ

**पूछताछ**

8 आप नेता के करीबी विवेक त्यागी ईडी के दफ्तर पहुंच, जहां उनसे संजय के सामने बैठाकर पूछताछ हुई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने संजय सिंह के तीन करीबियों को पूछताछ में शामिल होने के लिए समन जारी किया था। अब जानकारी आ रही है कि आप नेता के करीबी विवेक त्यागी ईडी के दफ्तर पहुंच गए हैं, जहां उनसे संजय सिंह के सामने बैठाकर पूछताछ हुई।
**सर्वेश मिश्रा से कल हुई थी पूछताछ:** ईडी ने संजय सिंह के तीन सहयोगियों विवेक त्यागी, सर्वेश मिश्रा और कंवरबीर सिंह को पूछताछ के लिए तलब किया था। इसमें से सर्वेश मिश्रा शुक्रवार को ईडी के दफ्तर पहुंच चुके थे। इस दौरान सर्वेश से जब मीडिया से शराब घोटाले के बारे में पूछा तो उन्होंने पत्रकारों से कहा कि 'सत्य की विजय होगी भरोसा रखिए।'
**ईडी ने किया 2 करोड़ के लेनदेने का दावा:** ईडी ने शुक्रवार को दावा किया कि आप नेता संजय सिंह के सहयोगी सर्वेश को उनके आवास पर आप नेता की ओर से दो बार में 2 करोड़ रुपये मिले थे।



केजरीवाल सरकार का एंटी डस्ट कैंपेन शुरू, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वजीरपुर हॉटस्पॉट का लिया जायजा।

# कम्मरूद्दीन नगर में प्लास्टिक के गोदाम में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के कम्मरुद्दीन नगर स्थित एक गोदाम में शुक्रवार देर रात आग लग गई। गोदाम में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की 21 गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया था।
दमकल के अधिकारियों ने बताया कि हनुमान मंदिर के पीछे कम्मरुद्दीन नगर में एक गोदाम में शुक्रवार देर रात करीब पौने एक बजे भीषण आग लगने की सूचना मिली थी। अधिकारी ने बताया कि आग एक खुली जगह में पड़े प्लास्टिक के कचरे और नालीदार रोल में लगी थी जो पूरे गोदाम में फैल गई। आग की सूचना मिलते ही 21 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया, जिन्होंने कुछ देर बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

# पुलिस ने पकड़ा मिलावटी मसालों से भरा ट्रक

## खारी बावली में होनी थी नकली जीरा और काली मिर्च की सप्लाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शुद्ध और गुणवत्ता पूरक मसालों के लिए मशहूर एशिया की सबसे बड़ी मसालों की बाजार खारी बावली में मिलावटी मसालों की सप्लाई करने जा रहे ट्रक को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए ट्रक में 900 किलो नकली जीरा और 300 किलो नकली काली मिर्च बरामद की गई है। उक्त मसालों का मालिक बागेश गुप्ता और ट्रक चालक सुनील गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार, सूचना मिली थी कि दिल्ली के जींदपुर गांव से एक ट्रक मिलावटी मसाले लेकर खारी बावली जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जींदपुर इलाके में जाल बिछाया। जैसे ही फैक्ट्री से निकला उसे रोक लिया गया। ट्रक में चालक सुनील गुप्ता के अलावा बागेश गुप्ता को पकड़ा गया। पूछताछ में बागेश ने बताया कि ट्रक में मसाले भरे हुए हैं। वह उन्हें लेकर खारी बावली जा रहा है। पास में ही मसालों का गोदाम है। ट्रक की जांच करने पर जीरे की 15 बोरियां मिली। एक का वजन 60 किलो था, साथ ही 10 बोरी काली मिर्च भी मिलीं। एक बोरी का वजन 30 किलो था।
**जांच में हुई मिलावट की पुष्ट:** खाद्य अधिकारी बरामद जीरा और काली मिर्च की खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच कराई गई ,जिसमें वह मिलावाटी पाया गया। इसके पुलिस बागेश को लेकर उसके गोदाम पर पहुंची। यहां पर मिलावटी मसाले बनाने के लिए भारी मात्रा में सामान रखा मिला। बागेश ने बताया कि इसमें 200 बोरियां खराब गुणवत्ता की सौंफ, 100 बोरी पालिश की हुई काली मिर्च, 400 बोरी कार्बे सीड (हालैंड जीरा), 50 बोरी गाजर के बीज, 250 बोरी असली जीरा, 50-60 बोरी नकली जीरा, 5 केन गुड़ शीरा, 4-5 बोरी मार्बल स्टोन पाउडर और 300 बोरी धनिया मिली।

### आरोपित ने दी पीड़ित को जान से मारने की धमकी

**पुलिस** को अभिषेक नामक एक पीड़ित भी मिला है। पीड़ित ने बताया है कि बागेश अकेला नहीं है। उसका पूरा गिरोह है। आरोपित ने अभिषेक को असली जीरा बताकर मिलावटी जीरा बेच दिया था। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने रुपये मांगे तो आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

**खारी बावली में महंगे दामों पर बेचते हैं मसाले:** बागेश ने बताया कि वह खराब गुणवत्ता की सौंफ,गाजर के बीज, कार्बे सीड, मार्बल स्टोन पाउडर, गुड़ का शीरा और नकली कलर और असली जीरा मिलाकर तैयार करता था।

# संजय सिंह को ईडी मुख्यालय से नहीं किया जाएगा ट्रांसफर

**रिपोर्ट**

8 ईडी ने अदालत बताया कि संजय सिंह को मुख्यालय से कही भी स्थानांतरित नहीं किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आप नेता** और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को तुगलक रोड थाने में स्थानांतरण की तैयारी मामले में ईडी ने अदालत बताया कि संजय सिंह को मुख्यालय से कही भी स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार संजय सिंह ने अधिवक्ता डॉ. फारूख खान और अधिवक्ता प्रकाश प्रियदर्शी के माध्यम से तुगलक रोड थाने ट्रांसफर करने के खिलाफ खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में आवेदन दाखिल किया था।
**आप नेता को कहीं नहीं किया जाएगा स्थानांतरित:** आप नेता के आवेदन को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए अदालत ने ईडी के जांच अधिकारियों से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और इस मामले की सुनवाई के लिए दोपहर का वक्त तय किया था। राज्यसभा सदस्य के इस आवेदन पर ईडी ने कोर्ट को बताया कि संजय सिंह को ईडी मुख्यालय से कही और स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। साथ ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने अर्जी का निपटारा कर दिया है।

# तिहाड़ में रह रहे क्षमता से दो गुने कैदी, प्रशासन चिंतित

## नियमों के मुताबिक, पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को इसी जेल में रखना अनिवार्य

**चिंता का विषय**

8 तिहाड़ की चार नंबर वाली मलाहिजा जेल। इसमें पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को रखा जाता है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तिहाड़ के** सोलह जेलों में क्षमता से दोगुने कैदी बंद हैं, लेकिन यहां एक जेल ऐसी भी है जहां क्षमता से पांच गुना कैदी बंद हैं। यह है तिहाड़ की चार नंबर वाली मलाहिजा जेल। इसमें पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को रखा जाता है। जेल प्रशासन का कहना है कि नियमों के मुताबिक, पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को इसी जेल में रखना अनिवार्य है। इसकी वजह से यहां कैदियों की संख्या अधिक है। जेल प्रशासन कैदियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तिहाड़ के दूसरी जेल को मुलाहिजा जेल में तब्दील करने पर विचार कर रहा है। जेल अधिकारियों का कहना है कि अदालत के आदेश पर साल




2022 के अप्रैल माह में तिहाड़ के चार नंबर जेल को मुलाहिजा जेल बनाया गया था। इसका उद्देश्य पहली बार अपराध करने वाले कैदियो को उन अपराधियों के संपर्क से आने से बचाना है, जो आदतन अपराधी हैं। माना जाता है पहली बार अपराध करने वाले कैदियों के सुधरने की संभावना आदतन अपराधियों की तुलना में काफी अधिक होती है। जेल प्रशासन का कहना है कि पहली बार अपराध करने वाले कैदियों को इसी जेल में रखना अनिवार्य है। इस जेल में 740 कैदियों को रखने की क्षमता है, लेकिन कैदियों की संख्या लगातार बढ़ने से वर्तमान में इस जेल में क्षमता से पांच गुना यानि 3751 कैदी रह रहे हैं। इससे जेल प्रशासन भी चिंतित हैं।

**16 जेलों में रह रहे क्षमता से दोगुने कैदी:** तिहाड़ की अधिकांश जेलों में क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। वर्तमान समय में तिहाड़ की कुल 16 जेलों में क्षमता से दोगुने कैदी बंद हैं। कैदियों की संख्या बढ़ती संख्या को देखते हुए दिल्ली में एक नए जेल के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

# नक्सलियों का साथ और जेल की हवा ने दी सीख...

**नकली नोट**

8 घर में ही छापने लगा नकली नोट; अब पुलिस ने किया गिरोह का भंडाफोड़, गिरोह पर शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी जिला** पुलिस की टीम ने करोड़ों के नकली भारतीय और नेपाली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने 46 लाख 60 हजार के नेपाली और 18 लाख 45 हजार के भारतीय नोट बरामद किए हैं। जिला पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि पटपड़गंज इंडस्ट्रियल इलाके की थाना पुलिस ने 28 सितंबर को आईएसबीटी से नकली भारतीय और नेपाली नोट बरामद किए। इसमें बंदायू के रहने वाले छवि राम को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। छवि राम ने बताया वह ये नकली नोट बदायूं से लाया था। पुलिस उसके बताए पते पर बदायूं गई और वहां जाकर नकली नोट बनाने वाली इस गैंग के अन्य आरोपित आसिफ और इमरान को पकड़ा। जिनके पास 87 हजार रुपये के नकली भारतीय नोट बरामद हुए। पुलिस ने आगे जांच शुरू की तो पता चला इस गैंग का मास्टरमाइंड दिनेश नाम का व्यक्ति है, जो मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से दिनेश को मुजफ्फरपुर से उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# कबाड़ा खरीदने को लेकर भिड़े दो पक्ष



**घायल**

8 इस दौरान जमकर ईंट, पत्थर, लोहे के राड व चाकू चले। झगड़े में दो लोग घायल हुए हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** लैंडफिल साइट पर कबाड़ा खरीदने को लेकर दो पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर ईंट, पत्थर, लोहे के राड व चाकू चले झगड़े में दो लोग घायल हुए हैं। घायलों की पहचान जहांगीरपुरी के राजा व भलस्वा डेरी के सफीरुल के रूप में हुई है। बाबू जगजीवन राम अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों को दूसरे अस्पताल में रैफर कर दिया गया था। इसके बाद शनिवार सुबह राजा को सफदरजंग अस्पताल से छुट्टी दे दी गई व सफीरुल का इलाज चल रहा है। भलस्वा डेरी थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। राजा ने बताया कि वह उनके चाचा दिलबर भलस्वा डेरी लैंडफिल साइट (कूड़ा खत्ता) पर कूड़ा खरीदने का काम करते है। राजा व सफीरुल उर्फ लालटून भी दिलबर के साथ कबाड़ा खरीदने का काम करते हैं। उनके चाचा बिहार स्थित गांव गए हैं, ऐसे में राजा ही उनका काम संभाल रहा है। शुक्रवार शाम को वह सफीरुल के साथ मिलकर लैंडफिल साइट पर कूड़ा खरीदकर उसे ट्रक में भर रहे थे। तभी सैफुल नामक व्यक्ति अपने बेटे सफीजुल व अपने साथी बादशाह, हर्षित को लेकर वहां पर आया।
**मारपीट कर फरार हुए आरोपी:** सैफुल ने उन्हें वहां से भागने को कहते हुए बोला कि भलस्वा डेरी खत्ते पर कबाड़ा सिर्फ वह खरीदेंगे। चारों ने हाथों में पत्थर उठाया व वहां खड़ी दोनों गाड़ियों में मारने लगे। चारों ने मिलकर उन पर भी ईंट पत्थरों से वार करना शुरू कर दिया। सफीजुल ने राजा की पीठ पर चाकू से वार किया और बादशाह व हर्षित ने सफीरुल को पकड़ लिया और सैफुल ने लोहे के पाइप से उसके सिर व पैर पर वार किए।

# दिल्ली के प्रदूषण में 23 प्रतिशत तक हुई पराली के धुएं की हिस्सेदारी

**पराली**

8 पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने संबंधी तमाम दावे इसके धुएं में ही हवा हो रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय राज**धानी के वायु प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी 23 प्रतिशत तक पहुंच गई है। आलम यह है कि पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने संबंधी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), हरियाणा और पंजाब सरकार के तमाम दावे इसके धुएं में ही हवा हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी पराली जलाने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आलम यह है कि हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश में चार साल की सर्वाधिक घटनाएं सामने आ रही हैं तो पंजाब में पिछले दो साल का रिकार्ड टूट गया है। 2020 की तुलना में यहां जरूर कुछ कमी है। पराली का धुआं एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर की हवा को खराब करता हुआ दिख रहा है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हर साल धान की फसल के बाद उसके बचे हुए हिस्से को खेत में ही जला देने का चलन रहा है।

# ...तो विद्युत कंपनियों को देना होगा मुआवजा



**आदेश पारित**

8 विद्युत कंपनियों को अपना इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत करना होगा ताकि कोई दुर्घटना ही न हो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने और पीड़ितों को वित्तीय मदद पहुंचाने के लिए जल्द ही नियम लाए जाएंगे। दिल्ली सरकार के निर्देश पर ये नियम दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) बनाएगी। इस संबंध में दिल्ली सरकार के विद्युत विभाग की तरफ से मिले प्रस्ताव को सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंजूरी दे दी है। नियम आने के बाद विद्युत कंपनियों को अपना इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत करना होगा ताकि कोई दुर्घटना ही न हो और अगर कोई दुर्घटना होती है तो फिर विद्युत कंपनियां पीड़ित को उचित वित्तीय सहायता देने के लिए बाध्य होंगी।
**एलजी के पाले में गेंद:** सीएम से अप्रूवल मिलने के बाद अब प्रस्ताव एलजी के पास भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद केजरीवाल सरकार डीईआरसी को जल्द से जल्द नियम बनाने के लिए आदेश जारी करेगी। दिल्ली के विद्युत मंत्रालय ने एक प्रस्ताव लाया था कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत डीईआरसी को नियम बनाने के लिए आदेश जारी किया जाए। जिसके तहत दिल्ली विद्युत नियामक आयोग बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए विस्तृत गाइडलाइन तैयार करे, जिससे कि बिजली कंपनियां कानूनी रूप से बाध्य हों।

# कीमती सामानों पर किया हाथ साफ, सात आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

8 छह आरोपित लोडर का काम करते थे। सतीश चोरी का सामान आरोपितों से खरीदता था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आइजीआइ** एयरपोर्ट पर यात्रियों के मदद करने के दौरान उनके लगेज से कीमती सामान पर हाथ साफ करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों में मनोज, हरि दर्शन, बलविंदर, प्रवीण, सुबोध, संजीव व सतीश शामिल हैं। छह आरोपित लोडर का काम करते थे। सतीश चोरी का सामान आरोपितों से खरीदता था। चोरी की पूरी घटना में सभी की अपनी अपनी भूमिका होती थी। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से अलग अलग यात्रियों के लगेज से चुराए गए कई सामान बरामद किए हैं, इनमें कई आभूषण, कीमती घड़ी व इलेक्ट्रानिक उपकरण शामिल हैं। एयरपोर्ट जिला पुलिस उपायुक्त देवेश महला का कहना है कि चोरी की इन घटनाओं की सबसे बड़ी वजह एयरलाइंस कंपनियों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी है।

**पर्दाफाश** कुछ लोगों के संपर्क में आने के बाद अचानक उसकी विचारधारा में बदलाव आ गया

# हिजरत के बहाने पाकिस्तान जाने की थी योजना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खनन इंजीनियरिं**ग करने के बाद शाहनवाज एसएससी की तैयारी करने दिल्ली आया। यहां जामिया नगर के अबुल फजल में कुछ लोगों के संपर्क में आने के बाद अचानक उसकी विचारधारा में बदलाव आ गया। विशेष समुदाय पर जुल्म की कहानियां सुनाकर शाहनवाज का ब्रेनवॉश कर दिया गया। हमेशा पढ़ाई में अव्वल रहने वाला शाहनवाज अब कट्टरपंथ की ओर बढ़ गया। दिल्ली में ही उसकी रिजवान अली से मुलाकात हुई। वह पहले से ही आईएस की विचारधारा से प्रभावित था। दोनों ने इकट्ठे कई एक्स अकाउंट के




अलावा कई न्यूज चैनलों को देखना शुरू किया। धीरे-धीरे दोनों पाक में बैठे हैंडलर के संपर्क में आए। इन लोगों से भारत में नेटवर्क खड़ा करने के लिए कहा गया। पुलिस की पूछताछ में शाहनवाज ने खुलासा किया है कि वह हिजरत करने अफगानिस्तान जाना चाहता था। वहां से पाकिस्तान जाना आसान है। पाकिस्तान जाकर यह लोग अपने आकाओं से मिलकर वापस भारत लौटते। शाहनवाज, रिजवान अली और रिजवान अशरफ पाकिस्तान में बैठे एक ही हैंडलर से बैथ (शपथ) लिए थे। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि शाहनवाज ने रिजवान अली के साथ मिलकर दिल्ली के जैतपुर स्थित जंगलों में हल्के धमाके कर आईईडी का परीक्षण किया। इसके अलावा राजस्थान और उत्तराखंड के हल्द्वानी में भी धमाके के परीक्षण किए गए। इन सभी के वीडियो बनाकर पाक में बैठे आकाओं को भेज दिया जाता। इन धमाकों को देखकर वहां से बम को और ताकतवर बनाने के दिशा-निर्देश जारी होते थे।

# दिल्ली में पटाखों से बारूद कूटने के दौरान धमाका

**हादसा**

8 धमाके में 18 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निहाल विहार** इलाके में घर में जोरदार धमाका हो गया। धमाके में 18 साल के युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुरूआती जांच में पता चला कि युवक पिछले साल के पटाखों से बारूद निकालकर उसे कमरे में कूट रहा था, इसी दौरान धमाका हो गया। हालांकि अभी बारूद के मात्रा के बारे में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर लिया है।
पुलिस युवक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। मृतक की पहचान पीयूष (18) के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान 9 साल की प्रियांशी और पड़ोसी रितिका (25) के रूप में हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया और प्राधिकरण ने करनाल में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की छठी सालगिरह का जश्न मनाया

**करनाल।** करनाल की सड़कों को सुरक्षित बनाने और शहर के लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाने की प्रतिबद्धता के साथ होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने करनाल में अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की छठी सालगिरह का जश्न मनाया। कार्यक्रम का आयोजन श्री कुलदीप नरवाल, चालान ब्रांच इन-चार्ज, सरकारी अधिकारी करनाल और होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया के सदस्यों की मौजूदगी में हुआ। अक्टूबर 2017 में, एचएमएसआई ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सहयोग से हरियाणा के करनाल में अपने पहले अडॉप्टेड ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क का उद्घाटन किया। सुरक्षित राइडिंग की आदतों, सड़क सुरक्षा के नियमों, सड़क संकेतों और चिन्हों तथा सड़क के उपयोग के शिष्टाचार पर जागरुकता बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने घोषणा की है कि यह अपनी शुरूआत के बाद से सभी आयुवर्गों के लिए रोजाना प्रशिक्षण के माध्यम से करनाल के 1.6 लाख से अधिक लोगों को शिक्षित कर चुकी है। सड़क सुरक्षा के लिए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया की सीएसआर प्रतिबद्धता होण्डा के लिए दुनिया भर में सड़क सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। अप्रैल 2021 में की गई घोषणा के मुताबिक ह्यह्यहोण्डा 2050 तक दुनिया भर में होण्डा की मोटरसाइकिलों एवं ऑटोमोबाइल्स की जानलेवा दुर्घटनाओं को शून्य तक लाने के लिए प्रयास करेगी।

### कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने जींद में अपनी वार्षिक रीटेलर्स मीट का आयोजन किया

**जींद।** भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स एवं एथलेजर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने जींद में अपनी वार्षिक रीटेलर्स मीट का आयोजन किया। इस



मीट में कैम्पस एक्टिववियर की लीडरशिप टीम, स्टाफ और शहर से 350 से अधिक दुकानदारों ने हिस्सा लिया। मीट की थीम ब्राण्ड की आधुनिक तकनीक , प्रोडक्ट इनोवेशन, डिजाइन एवं ट्रैंड्ज पर आधारित थी, ब्राण्ड अपने उत्पादों में इसी दृष्टिकोण के साथ युवाओं की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। कैम्पस का ओ.जी. कलेक्शन शानदार फैशन एक्सेसरी है, जिसे खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसके माध्यम से लोग आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। इसी तरह नाइट्रोफ्लाय तकनीक पर आधारित नाइट्रोफ्लाय रेंज जिसे फ्लाइंग इज द न्यू रनिंग का टैग दिया गया है, अपनी लाईटवेट और रिस्पॉन्सिव कुशनिंग के साथ युवाओं को सभी सीमाओं को पार कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है। बाउंसी मिडसोल से युक्त कैम्पस नाइट्रोबूस्ट, हाई एनर्जी रिटर्न देती है, अब इसमें एयर टर्बो तकनीक को भी शामिल किया गया है, जो सोल में मौजूद आधुनिक एयर सर्कुलेशन सिस्टम के माध्यम से दिन भर आपके पैरों को, ताजगी और आराम देती है।

### वी ने नए कैंपेन के माध्यम से सभी से आग्रह किया बी समवन्स वी

**गुरुग्राम।** मनुष्य सामाजिक प्राणी है। हालांकि आज की दुनिया में नए प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। कई अध्ययनों में पाया गया है कि जीवन के सभी वर्गों के लोग, खासतौर पर जनरेशन जी और मिलेनियल्स अकेलेपन और सामाजिक आइसोलेशन जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिसका असर उनके समग्र कल्याण पर पड़ रहा है। ऐसे में हमारी विकसित होती फिजिटल दुनिया में सही मायने में इमोशनल कनेक्शन बनाना बहुत जरूरी हो गया है।अडिजिटल एवं डिजिटल दुनिया को एक साथ लाते हुए प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक वी ने भावनात्मक रूप से अपील करने वाले क्रिएटिव कैंपेन- ह्यबी समवन्स वीह्ण का लॉन्च किया है, बेहतर आज और उज्जवल कल के निर्माण में अपने उपभोक्ताओं के लिए पार्टनर बनने के दृष्टिकोण के साथ कंपनी यह कैंपेन लेकर आई है।

### वामपंथी उग्रवाद को अगले 2 सालों में पूरी तरह समाप्त कर देंगे: शाह

**हिसार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री व अन्य संबंधित अधिकारीगण को आश्वस्त करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि, ह्यवामपंथी उग्रवाद को अगले 2 सालों में पूरी तरह समाप्त कर देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में पिछले कुछ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में बेहतरीन उपलब्धि हासिल हुई है।

# खिलाड़ी को खेल, खेल की भावना से खेलना चाहिए : पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा खेल, खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत खेल का हिस्सा है, कभी भी खिलाड़ी को हार से निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर अभ्यास करने वाला खिलाड़ी ही जीवन में हमेशा सफल होता है। एक खिलाड़ी के हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहना चाहिए। विधायक सुरेंद्र पंवार हरियाणा जम्प रोप संघ के तत्वावधान में रूकमणि देवी पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर डिस्ट्रीक्ट जम्प रोप चैम्पियनशिप में बतौर



मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि जम्प रोप खेल के प्रति खिलाड़ियों का रूझान जिस कद्र बढ रहा है, इससे आप अंदाजा लगा सकते है कि इस खेल में खिलाड़ी का भविष्य कितना उज्जवल है। जम्प रोप को एशियन खेल में भी शामिल किया गया है, उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही ओलंपिक खेलों की सूची में भी जम्प रोप का नाम होगा। उन्होंने कहा कि आज पढ़ाई के

**हौसला बढ़ाया**

**8 निरंतर अभ्यास करने वाला खिलाड़ी ही जीवन में हमेशा सफल होता है : विधायक पंवार**

साथ-साथ खेल की महत्ता भी बढ गई है। आज हमारे जिले व प्रदेश के खिलाड़ी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। खिलाड़ियों की बदौलत ही विश्व में भारत का डंका बज रहा है। इसलिए माता-पिता को पढ़ाई के साथ-साथ अपने बच्चों को खेलों में अवश्य भाग दिलवाना चाहिए, ताकि मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सकें। खेल सर्वांगिण विकास के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रवीन गुप्ता, डायरेक्टर प्रिंसीपल, बीर सिंह, महासचिव, हरियाणा जम्प रोप एसोसिएशन, रजनीकांत आजाद, चीफ एडवाइजर, सोनीपत जम्प रोप एसोसिएशन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की उड़ाई जा रही है धज्जियां: नवीन जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

**सामाजिक** कार्यकर्ता शनिवार को रोहतक के सेक्टर -6 स्तिथि बाग में प्रेसवार्ता में राजनीतिक नेताओं पर जमकर बरसे। नवीन जयहिंद ने एसवाईएल के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को आड़े हाथों लिया। प्रेसवार्ता में नवीन जयहिंद ने माननीय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि बड़ी विडम्बना की बात है कि इस देश में सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक को नहीं माना जा रहा है। पिछले 20 सालों से कोर्ट हरियाणा को पानी दिलाने की कोशिश कर रहा है लेकिन सरकारें सिर्फ राजनीति कर रही है। हरियाणा की जनता को एसवाईएल का पानी नहीं मिल रहा है` ये नेता जब पंजाब में जाते है तो कहते है खून बहा देंगे लेकिन हरियाणा को एक बूंद पानी नहीं देंगे` जब हरियाणा में आते है तो एसवाईएल का पानी हरियाणा के

**हमला बोला**

**8 चुनाव के दौरान इधर से अभय चौटाला खुदाई करने जाते है और उधर से अकाली दल वाले आते है**

लिए मांगते है। जनता को इनकी राजनीति समझनी होगी और अपने हक का पानी खुद लेना होगा। जयहिंद ने हरियाणा और पंजाब के नेताओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनेलो और अकाली दल का पुराना रिश्ता है।

चुनाव के दौरान इधर से अभय सिंह चौटाला खुदाई करने जाते है और उधर से अकाली दल वाले आते है लेकिन आज तक हरियाणा को एक गिलास पानी नही दिला पाए` जब हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार थी।

## आईजीयू के कुलपति व प्रोफेसर ने वर्ल्ड टॉप साइंटिस्ट की 2023 की सूची में पाया स्थान

**टीम एक्शन इंडिया/ रेवाड़ी**

**इंदिरा** गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. जे. पी. यादव व गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार ने वर्ल्ड टॉप 2% साइंटिस्ट की अगस्त 2023 की सूची में अपने कार्य क्षेत्र में बेहतरीन शोध की वजह से स्थान पाया है। यह सूची स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा तैयार की गई है व ऐलसेवियर ने प्रकाशित की है। यह विश्वविद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष की बात है। इस उपलब्धि पर कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि बेहतरीन शोध कार्यों को देखते हुए वैज्ञानिकों की सूची में नाम आना विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व की बात है। कुलपति प्रो. जे.पी. यादव एवं प्रो. सुरेश कुमार वर्ष 2022 की साइंटिस्ट सूची में भी अपना नाम दर्ज करवा चुके है।





**गर्व की बात**

**8 वर्ल्ड टॉप 2% साइंटिस्ट की अगस्त 2023 की सूची में अपने कार्य क्षेत्र में बेहतरीन शोध की वजह से स्थान पाया है।**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. यादव, शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी।

## भैंस चोरी की घटना मे संलिप्त एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**गोहाना** जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस ने भैंस चोरी की घटना में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी फैजान पुत्र रहीश वासी मुज्जफरनर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 14 अगस्त को धर्मपाल पुत्र हवा सिँह वासी गाँव गुढा जिला सोनीपत ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी कि दिनांक 14.08.2023 को सुबह पशु बाडे में गया तो मेरी 3 भैंस चोरी हुई मिली। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओ के अर्न्तगत थाना शहर गोहाना मे अभियोग दर्ज किया गया। थाना शहर गोहाना की अनुसन्धान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक सुनील ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त एक आरोपी फैजान पुत्र रहीश वासी मुज्जफरनर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय से दो दिन पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

## नीतू ने एलएनजेपी अस्पताल में सरकारी सुविधाओं का लिया जायजा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वनाथी जीके निदेर्शानुसार हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुनीता दांगी जी के आदेश अनुसार राष्ट्रीय महिला मोर्चा टीम की कार्यकारिणी सदस्य नीतू जी के दूसरे दिन के प्रवास की शुरूआत नगर परिषद अध्यक्ष सुधा व महिला मोर्चा की जिला प्रभारी वंदना शर्मा एवं जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप जी के द्वारा उनका स्वागत करते हुए आरंभ की गई और प्रथम चरण में सबसे पहले कुरुक्षेत्र जिले के एलएनजेपी हॉस्पिटल में जाकर वहां पर सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में



मरीजों से जानकारी प्राप्त की और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया' कार्यक्रम के दूसरे चरण में बीजेपी कार्यालय कुरुक्षेत्र में पार्टी की सभी महिला जिला पदाधिकारी एवं मंडल स्तर की पदाधिकारी से चर्चा की और बीजेपी के विस्तार संबंधित योजना बनाई 'तीसरे चरण में गांव किरमिच में सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं से चर्चा की गई और महिलाओं से संबंधित योजनाओं के बारे में चर्चा की गई और साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में भी चर्चा की'

चौथे चरण में पूर्व एमपी महोदया कैलाशो सैनी के घर पर दोपहर का भोजन किया।

# बिना आग जलाए खाद्य सामग्री बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन में बिना आग जलाए खाद्य सामग्री बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया । प्रथम टीम में दीक्षा, आंचल, खुशी, नव्या, निशिका, एंजेल और कनिका ने मिलकर चने के लड्डू तैयार किए । दूसरी टीम में निशु, अंजलि, अर्पिता, दिव्या, हिमाक्षी, पायल और पारुल ने मिलकर मिक्स लेज और कुरकुरे तैयार किया। तीसरी टीम में नीरू,अदिति,वंशिका, निशु, मीनाक्षी,दीप्ति एवं उर्वी ने सैंडविच बनाई। चौथी टीम में अन्नु, विनू, दिव्या, राधिका,भावना और मानसी



ने केक तैयार किया। टीम 5 में अनुष्का, किट्ठ, यशिका, प्राची, धन्वी,

**प्रतिभाग**

**8 प्रथम टीम में दीक्षा, आंचल, खुशी, नव्या, निशिका, एंजेल और कनिका ने मिलकर चने के लड्डू तैयार किए**

रिया और लक्षिता ने मिक्स नमकीन दाल भुजिया तैयार की। टीम 6 के द्वारा रसमलाई तैयार करने में पारुल, पायल मन्नत , वंशिका , प्रियांशी , अंशिका एवं नीतिका शामिल रही टीम 7 के द्वारा चाट तैयार की गई जिसमें जय , अमन धरू और रितिक सहयोगी थे और टीम 8 में पावनी , दिशांत, गरिमा, मीनाक्षी के द्वारा चाट मूंग दाल तैयार की गई। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने सीखा कि बिना आग के खाना या रिफ्रेशमेंट कैसे तैयार करें। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्या हिनू शर्मा एवं निदेशक राजेंद्र कौशिक ने निर्णायक की भूमिका निभाई। टीम 8 को प्रथम, टीम 1 को द्वितीय और टीम 6 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजयी टीमों को प्रोत्साहित किया गया। निदेशक राजेंद्र कौशिक ने कहा कि हमें प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। कोई भी कार्य करने से हमें अनुभव मिलता है और अनुभव से सफलता प्राप्त होती है।

## राज्यपाल ने हरिओम शर्मा को वारंट आफ अपाइंटमेंट देकर किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

हरियाणा राज्य भारत स्काउट एंड गाइड की हरियाणा राज भवन में आयोजित 43वीं वार्षिक परिषद बैठक में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर के के खंडेलवाल ने हरिओम शर्मा को वारंट का अपॉइंटमेंट (असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर) देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतुल द्विवेदी सेक्रेटरी टू गवर्नर ,नरेंद्र पाल मलिक ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा, अमनीत पी कुमार कमिश्नर कम सेक्रेटरी महिला एवं बाल विकास,डॉक्टर मनीराम शर्मा,लेबर कमिश्नर कम स्पेशल सेक्रेटरी टू होम डिपार्मेंट भी माननीय राज्यपाल के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन करने वाले स्काउट एंड गाइड को राज्य स्तरीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बंडारू दत्तात्रेय ने बताया कि वह भी अपने बचपन में एक स्काउट के रूप में कार्य करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी,पानीपत कुलदीप दहिया व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,पानीपत बिजेंद्र नरवाल और कला अध्यापक राजेन्द्र प्रसाद ने हरिओम शर्मा की इस नियुक्ति पर बधाई दी। डीओसी,स्काउट्स गुलाब पांचाल ने बताया कि हरिओम शर्मा की नियुक्ति से स्काउटिंग आन्दोलन में गति आएगी तथा स्काउट्स में नवीन ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम में पानीपत को लक्ष्मी मजूमदार सम्मान से सम्मानित किया गया।

## स्लीप कंपनी ने कम्फर्ट सॉल्यूशंस मार्केट में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

विकास और उत्कृष्टता की निरंतर खोज की शानदार प्रमाण द स्लीप कंपनी, पीसफुल स्लीप और सिटिंग सॉल्यूशन के लिए स्मार्टग्रिड टेक्नोलॉजी प्रदान करने वाली एशिया की पहली और एकमात्र कंपनी है। द स्लीप कंपनी नई दिल्ली में गर्व के साथ अपने 45वें, 46वें और 47वें स्टोर का उद्घाटन किया। नेशनल कैपिटल में ये लेटेस्ट एडिशन ब्रांड के उल्लेखनीय एक्सपांशन को हाइलाइट करता हैं। लगातार बढ़ते फुटप्रिंट्स के साथ जो पूरे भारत में 40 से अधिक स्ट्रैटिजिक लोकेशन को कवर करते है; जिनमें बेंगलुरु से लखनऊ, चेन्नई से मुंबई तक शामिल है, कंपनी साल के अंत तक देश भर में 100 स्टोर खोलने के अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रही है। द स्लीप कंपनी के लिए, दिल्ली ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों सेल्स के मामले में टॉप तीन शहरों में से एक है। यह ट्रेंड शहर की प्रति व्यक्ति आय के अनुरूप है जो लगातार नेशनल एवरेज से 2.6 गुना अधिक है।

## 'श्राद्ध पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा करवाकर पितरों को खुश करने का अवसर'

### गांव अटेरना में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिक ने दिया 11 हजार रुपएं का योगदान

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** गांव अटेरना में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा में समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग) वाले कथा वाचक ब्रिज बिहारी महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे। कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धा-भाव के साथ कथा का आनंद लिया। ब्रिज बिहारी महाराज ने श्रीमद भागवत में कथा में कथा का श्रवण करवाया और श्रद्धालुओं को श्रीमद् कथा के अहम भागों में से ली गई कहानियों और प्रेरणादायक जानकारियां व



अपनी भजन गायिकी के माध्यम से खूब निहाल किया। समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा भागवत कथा के आयोजन के लिए 11 हजार का योगदान दिया। प्रतीक शर्मा ने कहा कि

**कथा का आनंद**

**8 श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धा-भाव के साथ कथा का आनंद लिया**

श्राद्ध पक्ष में श्रीमद भागवत कथा सुनने का अपना महत्व है। श्राद्ध पक्ष में अपने पितरों को खुश करने का अवसर मिलता है। महाराज भक्तों को प्रभु चरणों से जोड़ने का प्रयास कर रहे है।

# गति विस्तार व्याख्यान पर चर्चा का किया आयोजन

**शोध पत्र**

**8 गणित विस्तार व्याख्यान जिसका विषय " एक शोध पत्र कैसे लिखे " का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा एम .एस .सी . प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के गणित के विद्यार्थियों के लिए गणित विस्तार व्याख्यान जिसका विषय " एक शोध पत्र कैसे लिखे " का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-



चढ़कर भाग लिया। व्याख्यान प्रो. संगीता द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने व्याख्यान के मुख्य तत्व जैसे कि भूमिका ,परिचय एवं निष्कर्ष के बारे में विस्तार से बताया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास व उत्साह बढ़ता है और वे . विषय के गहन अध्ययन के लिए प्रोत्साहित होते हैं। विभागाध्यक्षा डॉ. अर्पणा गर्ग ने कहा कि इस तरह के शोध पत्र भविष्य में विद्यार्थियों द्वारा की गई किसी विषय पर रिसर्च में सहायक होते हैं तथा इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हैं और उनमे शिक्षण कौशल का विकास होता है। गतिविधि का संचालन प्रो. सुमित ने किया।

## आशा न्यूरो केयर द्वारा 64वां निशुल्क विशेष न्यूरो कैंप आज 8 अक्तुबर को

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर रोड स्थित जाट धर्मशाला के सामने आशा न्यूरो केयर द्वारा 64 वां निशुल्क विशेष न्यूरो कैंप 8 अक्तुबर को लगाया जाएगा। यह जानकारी समाजसेवी दयानन्द ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में न्यूरों सर्जन डा. अश्वनी कुमार शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में दिमाग,नसों व रीड की हड्डी से संबंधित बीमारियां, दिमाग व रीड की हड्डी की चोट, दिमाग,रीड व नसों के ट्यूमर, मिर्गी के दौरे,बेहोशी,हाथ पैर कांपना,लकवा दिमाग की नस फटना, दिमाग में थक्का जमना, नस ब्लॉक होना, सिरदर्द,माइग्रेन, कमरदर्द,डिस्क/साइटिका, मनके या छल्ले हिलना, रीड की हड्डी की टीबी, जन्मजात फोड़ा, नसों की कमजोरी, सूनापन व झनझनाहट, गर्दन दर्द, सर्वाइकल आदि की बीमारियों की जांच की जाएगी।

# एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने के बाद पहली बार पानीपत पहुंचे नीरज चोपड़ा विधायक प्रमोद विज ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** एशियन गेम्स में भारत के लिए जैवलीन में गोल्ड मेडल लाने वाले पानीपत के खंडरा गाँव के निवासी नीरज चोपड़ा के निवास पर जा कर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने नीरज चोपड़ा और उनके परिवार को पुष्पमाला पहना कर जीत की शुभकामनाएं दीं एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए, कहा कि आप भविष्य में भी भारत का नाम इसी तरह खेल के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करते रहे । नीरज ने भी शुभकामनाएं देने के लिए विधायक



का आभार व्यक्त किया एवं विधायक विज के पोते आर्यन को खेल के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दीं कइस अवसर पर सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया और विधायक विज के बेटे राहुल विज ने भी नीरज को शुभकामनाएं दीं।

# नंगलीपूना: ग्रामीणों में नहीं हैं प्रतिभाओं की कमी: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशन फर्स्ट फाउंडेशन** के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला दोस्ताना मैच मीडिया एलेवन बनाम मेनेजमेंट एलेवन के बीच खेला गया। जिसमे मेनेजमेंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 6 विकेट के नुक्सान पर 177 रन बनाया। जिसके जबाब में मीडिया एलेवन ने मैन ऑफ द मैच अक्षय शर्मा के शानदार आलराउंडर प्रदर्शन 66 रन और 1 विकेट की बदौलत 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर 179 रन बनाकर 8 विकेट से जीत हासिल किया। दूसरा सेमी फाइनल मैच राजे राम स्पोर्ट्स क्लब यादव नगर बनाम बवाना के बीच खेला गया। जिसमें मैन ऑफ द मैच प्रियांक सेहरावत के शानदार 90 रनो की बदौलत बवाना ने 6 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में एस एन एलेवन स्वरूप नगर बनाम भोरगढ नरेला के बीच खेला गया। जिसमे मैन ऑफ द मैच अक्षय सैनी के 90 रनो की बदौलत भोरगढ नरेला ने 6 विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड मे भोरगढ नरेला और बवाना के बीच फाइनल खेला जायेगा। कबड्डी के मैच में हुये खेलो में नरेला अ, नरेला ब, दादा मालदेव पालम एवं कैर कि टीमो ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि चौ. न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में खेलने वाले लगभग सभी खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है जिन्होंने अभी तक के खेल में अपना-अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल में जगह बनाया है, साथ ही सभी टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल भावना के तहत खेला है।







# शालीमार बाग में श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके शालीमार बाग में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन डॉक्टर साहब सिंह वर्मा समुदाय भवन में भव्य रूप में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान अशोक कुमार मलिक, पूजा रानी मलिक, राधे भक्त प्रेमी राजकुमार चौधरी, रानी कुमारी, जोगिंदर यादव, शिवम, शिवराज, शिवानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य, रक्तदान और नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा** पखवाड़ा में स्वास्थ्य शिविर रक्तदान शिविर व नेत्र चिकित्सा से हजारों लोगों को राहत मिली। पूनम चौहान भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया सेवा पखवाड़ा के दूसरे चरण में उत्तर-पूर्वी जिला भाजपा द्वारा विभिन्न मंडलों में स्वास्थ्य शिविर रक्तदान नेत्र चिकित्सा से समाज के हजारों लोग लाभार्थी बने है। संघठन में महिलाओं की भूमिका भी अग्रणी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच देश सेवा है और उनको हमेशा हमने प्रधान सेवक के रूप में काम करते हुए देखा है। सांसद मनोज तिवारी, जिला प्रभारी गजेंद्र यादव करावलनगर व घोंडा विधायक मोहन सिंह बिष्ठ व अजय महावर



और समस्थ निगम पार्षद मंडल अध्यक्ष व मण्डल जिला व प्रदेश के पदाधिकारी सेवा में पूर्णतः तन-मन-धन और ऊर्जा व सच्ची निष्ठा भावना से भूमि स्तर पर लोगों के बीच में रहे और उनको राहत और लाभ देने का कार्य किया। कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों और जिले की और से लगातार विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।



जहांगीरपुरी वार्ड में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

# मांगों को अगर नहीं माना गया तो होगा विशाल प्रदर्शन: एन. पी. निशांत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**समता सैनिक** दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेक सिंह गौतम और एन पी निशांत राष्ट्रीय मुख्य सचेतक व आर पी रंजन राष्ट्रीय सचेतक के कुशल नेतृत्व में संविधान को बदले जाने का ब्यान देने वाले प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार बिबेक देबराय की तत्काल गिरफ़्तारी कर देश-द्रोह का मुकदमा चलाये जाने और अल्पसंख्यकों की निजीकरण में भागीदारी देने व सरकार द्वारा मनमाने ढंग से विभिन्न पदों को लैटरल एंट्री द्वारा भरे जाने पर रोक लगाए जाने की मांगों को लेकर जंतर मंतर नई दिल्ली पर विशाल मार्च एवं प्रदर्शन करने हेतु भारी संख्या में भारत के कोने-कोने से अनेक राज्यों व जनपदों से पदाधिकारी व सैनिक डॉ अम्बेडकर भवन नई दिल्ली पर एकत्रित हुए। जब भारी संख्या में भवन में स्थापित परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रीतिमा को सैलूट करने के पश्चात प्रदर्शन के लिए रवाना हुए तो अचानक भारी पुलिस बल अम्बेडकर भवन के गेट के बाहर एकत्रित हो गया।

समता सैनिक दल के जाबाज कमांडर्स व सिपाहियों की पुलिस से काफी नोक झोंक हुई। जिसमें समता सैनिक दल के सैनिकों द्वारा पुलिस से डटकर संघर्ष किया। समता सैनिक दल की भारी भीड़ व तनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा गाड़ियों में भरकर जंतर-मंतर प्रदर्शन के लिए ले गए। जिनमें पुलिस ने मात्र दो बसों को जंतर मंतर तक पहुंचाया गया बाकि अन्य बसों में ले जाए गए सैनिक व कमांडरों को अलग-अलग दिशाओं में ले जाकर छोड़ दिया। जिससे सारे सैनिक कमांडर जंतर-मंतर पर एकत्रित न हो सकें, पुलिस ने तनावपूर्ण व स्थिति को बिगड़ता देखकर समता सैनिक दल के राष्ट्रीय मुख्य सचेतक एन. पी. निशांत जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय टेक सिंह गौतम व चंद्रभान सिंह को पहाड़गंज थाने में नजर बंद कर लिया। समता सैनिक दल के सुप्रीम कमांडर व समूह अध्यक्ष भीम राव यशवंत राव अम्बेडकर व कैप्टेन प्रवीण निखाड़े व पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम व राष्ट्रीय प्रधान महासचिव बी. पी. गौतम व के. एस. राणा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष राज किशोर और राष्ट्रीय महासचिव चन्दन सिंह, कंचन गौतम महिला अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश, डॉ ओमकार सिंह भाटिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी .पी. हर्ष एडवोकेट अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, गीता मौर्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पन्ना लाल बौद्ध, राष्ट्रीय महासचिव, अनूप भाटिया पूर्व अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश व सचेतक हिमाचल प्रदेश, सुनील कुमार जनरल सीक्रेटरी हिमाचल प्रदेश, रजनी गौतम अध्यक्ष महिला विंग आदि ने अपने साथ आये सैनिकों सहित जंतर मंतर पर पहुंचकर सरकार के विरोध में उपरोक्त मांगों को लेकर भारी रोष प्रकट किया।

तत्पश्चात राष्ट्रीय प्रधान महासचिव के साथ प्रतिनिधि मण्डल ने अपना मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री के कार्यालय में जाकर सौंपा।

तत्पश्चात राष्ट्रीय मुख्य सचेतक एन.पी. निशांतव टेक सिंह गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष व चंद्रभान सिंह को पुलिस द्वारा सम्मान पूर्वक भेज दिया गया।





# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है जनता: आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महंगाई,** रोजगार, भ्रष्टाचार और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार को घेर रही कांग्रेस हर तरफ से आक्रमक होती जा रही है। कर्नाटका और हिमाचल में जोरदार जीत और भारत जोड़ो यात्रा का असर यह रहा की अब कांग्रेस विपक्षी दलों के गठबंधन को भी लीड कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस की संजीदगी इस बात से भी समझी जा सकती है कि 30 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली जनसभा के लिए जिला स्तर पर भी बैठक कर-के कार्यकर्ताओं को जनसभा से जुड़ी उनकी जिम्मेदारी दी जा रही है। इसको लेकर करावल नगर जिला कांग्रेस की एक अहम बैठक मुस्तफाबाद अध्यक्ष जावेद चौधरी के कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने किया। इस बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक हसन अहमद, अली मेहंदी, डॉ एस पी सिंह, हाजी खुशनूद, बल्लू पहलवान, ईश्वर बागड़ी, प्रमोद जयंत और अमित डेढा ने अपने-अपने सम्बोधन में कहा कि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो रही है। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी करारी चोट करते हुए कहा कि विश्वगुरु होने का ये कैसा अनुभव है कि जहां 82 करोड़ लोग सरकार द्वारा वितरित 5 किलो राशन पर आश्रित हैं। ये कैसे अच्छे दिन हैं कि जहां मुल्क में 45 करोड़ युवा रोजगार की उम्मीद ही छोड़ दे रहे हैं। इस बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र त्यागी , खेमचंद सैनी, अलीम अन्सारी, अशोक बघेल, तारा चंद, चौधरी महाराज सिंह रामबिलास शर्मा, डॉक्टर अकरम, मुनेश कुमार, मुकेश पाल, स्नेह शास्त्री, कपूर सिंह सिसोदिया, अशोक चौधरी, कुलदीप जोशी, डॉक्टर ओमप्रकाश कुशवाहा हारून भाई ठीक के अलावा सैंकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का जीवन विज्ञान दिवस के रुप में हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली के विवेक विहार फेज-2 स्थित ओसवाल भवन में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का समापन जीवन विज्ञान दिवस के रूपरेखा में हुआ। जो 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2023 आयोजित किया गया था। कार्यक्रम अणुव्रत समिति ट्रस्ट दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आचार्य श्री महाश्रमणजी की प्रबुद्ध शिष्या साध्वी श्री अणिमाश्रीअणिमाश्री जु अपने उद्बोधन में कहा कि अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह में सांप्रदायिक सौहार्द दिवस, अहिंसा दिवस, अणुव्रत प्रेरणा दिवस, पर्यावरण शुद्धि दिवस, नशा मुक्ति दिवस, अनुशासन दिवस एवं जीवन विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें दिल्ली के विभिन्न स्कूल, सभी धर्मों के गुरुओं के साथ गैर सरकारी संगठन एवं स्थानीय लोग शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेम कुमार त्यागी उप शिक्षा निदेशक पूर्वी दिल्ली, कई स्कूल के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक गण उपस्थित रहें। मनोज जैन (बरमेचा) अध्यक्ष अणुव्रत समिति ट्रस्ट दिल्ली द्वारा उपस्थित सभी का स्वागत व अभिनंदन जोरदार तरीके से किया गया।



# बादली गांव से माता वैष्णो देवी, स्वर्ण मंदिर के लिए बस की गई रवाना

## हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा रोहिणी दिल्ली समिति का मुख्य लक्ष्य गरीबों व असहायों की मदद करना: इन्दर सिंह नम्बरदार बादली









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बादली गांव के बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर तिकोना पार्क से हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा रोहिणी दिल्ली समिति के द्वारा माता वैष्णो देवी, स्वर्ण मंदिर और बाघा बॉर्डर के लिए निःशुल्क बस यात्रा को रवाना किया गया। इस अवसर पर बादली विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी इन्दर सिंह नम्बरदार बादली ने बताया कि समिति के द्वारा 108 भक्तों को धार्मिक तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए आज बादली गाँव से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान समिति की ओर से रहने और खाने की व्यवस्था भी निःशुल्क दी जा रही है और साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी महैया करवाई जायेगी। उन्होंने बताया कि हमारी समिति का लक्ष्य गरीबों व असहायों की मदद करना है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि समिति के द्वारा कई बार इस तरह की यात्रा लोगों के लिए आयोजित की गई है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी समिति के इस कार्य को सराहा। इस मौके पर बादली गांव के समाजसेवी इंदर सिंह नंबरदार बादली, धर्मवीर यादव, सूरज यादव, अमित चौहान, राजेश यादव, चंद्रमोहन गौतम, श्यामलाल ढींगरा, मुकेश कश्यप, सतीश कुमार सतते, चुटकी (स्वर्गीय सुभाष यादव), हजारीलाल, डालचंद, किशन अभिलाषी, ईश्वर सिंह, सतीश कुमार, राजकुमार राजू, रविंद्र कुमार निक्के, डॉली रानी, सीमा यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उनका भविष्य संवारते हैं दादा-दादी नाना नानी:धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।एपीजे स्वर्ण ग्लोबल स्कूल मे प्रधानाचार्या प्रीति वासन की अध्यक्षता में दादा/दादी एवं नाना/नानी के सम्मान में ग्रैंडपैरेंट्स डे का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यपाली के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हर परिवार में जितना महत्व माता और पिता का होता है, उससे कहीं ज्यादा दादा-दादी और नाना-नानी का होता है। घर के बड़े बुजुर्ग हमेशा बच्चों में संस्कार डालने का काम करते हैं क्यू कि उन्हें अनुभव होता है । दादा दादी नाना नानी बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उनका भविष्य संवारते हैं । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि वर्तमान समय में कामकाजी माता-पिता अपने बच्चों के लिए हर समय नहीं हो सकते हैं और उस समय परिवार में मौजूद दादा-दादी और दादा-दादी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। दादा-दादी बच्चों को अपने जीवन के अनुभवों के माध्यम से बहुत सी बातें सिखाते हैं और अपने पोते-पोतियों को जीवन के महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाते हैं। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि वर्तमान में स्मार्ट फोन का युग है और हमें प्रयास करना चाहिए कि बच्चों के हाथ में ज्यादा समय तक मोबाइल ना रहे । इससे बच्चे बिगड़ सकते हैं । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मवीर भड़ाना, फतेह सिंह भड़ाना, जय प्रकाश मावी एवं पूनम को विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा सम्मानित किया गया ।



कार्यक्रम का मंच संचालन मालविका शर्मा एवं विनीत द्विवेदी द्वारा किया गया। सभी अभिभावकों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। तदुपरांत कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के छात्रों द्वारा आर्केस्ट्रा की एक सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा से तीसरी कक्षा तक के सभी छात्रों ने दादा/दादी एवं नाना/नानी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुतियों के द्वारा अपना निश्छल प्रेम प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय-गीत एवं धन्यवाद ज्ञापन से किया गया तथा सभी अभिभावकों (दादा-दादी एवं नाना/नानी) का सामूहिक फोटो सत्र आयोजित किया गया। तदुपरांत सभी के लिए जलपान एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया एवं प्रत्येक विजेता अभिभावक को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सभी अभिभावकगण (ग्रैंडपैरेंट्स) अपने बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियाँ एवं अपने प्रति उनका आदर और प्रेम देखकर आह्लादित एवं अभिभूत हो गए तथा प्रधानाचार्या एवं समस्त अध्यापक गणों को सादर धन्यवाद दिया ।

# पृथला क्षेत्र की सभी सड़कें होंगी पूरी तरह से चकाचक : नयनपाल रावत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने क्षेत्र के लोगों को एक करोड 36 करोड़ की सड़कों की सौगात देते हुए इनका शिलान्यास किया। इन सडकों में गद्पुरी एवं तातारपुर में दिल्ली मथुरा रोड से गद्पुरी तक बनने वाली सड़क का विधायक नयनपाल रावत की उपस्थिति में ग्रामीणों द्वारा नारियल फुड़वाकर शिलान्यास करवाया गया। विधायक रावत ने बताया कि यह सड़क 1.150 किलोमीटर लम्बी हैं और करीब 29 लाख की लगत से बनेगी एवं असावटी से तातारपुर वाया जटोला तक बनने वाली सड़क जो 2 किलोलमीटर लम्बी जो करीब 1.07 करोड की लागत से बनकर तैयार होगी। इस दौरान ग्रामीणों ने



विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है और प्रदेश के विकास के लिए जो घोषणाएं उन्होंने की, उन्हें पूरा भी किया, यही कारण है कि आज प्रदेश में सबका साथ-सबका विश्वास और सबका विकास की नीति के तहत कार्य किए जा रहे है और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास भी शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पूरे क्षेत्र में सडकों का जाल बिछाया जा रहा है और आने वाले समय में पृथला क्षेत्र में एक भी टूटी सडक नहीं रहेगी, सभी सड़कों को पूरी तरह से चकाचक बना दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 13 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को थाना एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार



**आरोपी से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी एनआईटी यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी प्रभारी सुनिता की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विनय कुमार है। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले के गांव हालदरपुर का व हाल में फरीदाबाद का रहने वाला है। पीड़िता के परिजनों ने शिकायत में बताया कि आरोपी 13 वर्षीय नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया था। जिसके साथ आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए लड़की को उत्तर प्रदेश के जालौन से बरामद किया गया। नाबालिक लड़की के बयान लीगल एड के सम्मुख तथा माननीय अदालत में 164 के बयान कराए गए। बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामले में पोक्सो एक्ट ईजाद की गई। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी टीम ने आरोपी को फरीदाबाद के एनआईटी जोन से गिरफ्तार किया है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से पुलिस रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल को दिल्ली बदरपुर बॉर्डर महरौली से बरामद किया गया। आरोपी फरीदाबाद में पिछले करीब 6 महीने से रह रहा है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक अस्पताल में हेल्पर का काम करता है। मामले में पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### नूंह में केएमपी एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराया कोयले से भरा ट्रक, चार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम/नूंह**

नूंह में कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को एक खराब ट्रक से कोयले से भरा दूसरा ट्रक टकराया गया। इस हादसे में जहां चार लोगों की मौत हो गई, वहीं एक तीसरा ट्रक टक्कर लगने के कारण फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा। मौके पर बचाव का कार्य शुरू किया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों को निकाला गया।

जानकारी के अनुसार केएमपी एक्सप्रेस-वे पर रोजका मेव थाना क्षेत्र में खोड़-बसई गांव के पास शनिवार की सुबह ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का कारण केएमपी पर खड़ा एक खराब ट्रक बना। उस ट्रक को ड्राइवर व उसका क्लीनर ठीक कर रहे थे। जहां पर यह खराब ट्रक खड़ा था, वहां सडक पर ढलान और मोड़ है। कोयले से भरा हुआ एक ट्रक वहां से आया। मोड़ पर कोयले से भरे ट्रक के ड्राइवर को खराब ट्रक नजर नहीं आया और उसकी टक्कर उस खराब ट्रक से हो गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तीसरा ट्रक आया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकरा गया। ढलान होने के कारण तीसरे ट्रक के ब्रेक ठीक से नहीं लग पाए और वह डिवाइडर से टकराते हुए फ्लाईओवर से नीचे जा गिराया। खराब ट्रक को ठीक कर रहे उसके ड्राइवर व क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। कोयले से भरे ट्रक का ड्राइवर व क्लीनर भी इस हादसे में मारे गए।

# हत्या के प्रयास केस में मोनू को भरतपुर से लायी पटौदी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

मोनू मानेसर को पटौदी में हत्या के प्रयास के एक केस में पूछताछ के लिए शनिवार को पुलिस उसे लेकर राजस्थान से पटौदी पहुंची। मोनू मानेसर पर राजस्थान के दो युवकों की हरियाणा के भिवानी में गाड़ी में बंद करके जिंदा जलाने का आरोप है। नूंह दंगों में एसआईटी ने मोनू मानेसर को कुछ दिन पूर्व अदालत में पेश किया था, जहां से उसे राजस्थान पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गई। तब से मोनू मानेसर राजस्थान की जेल में ही बंद है।

नूंह दंगे भडकाने के आरोप में मोनू मानेसर का नाम काफी उछला।

# बेटी बचाओ अभियान ने तिगांव की पायलट बिटिया दीपिका को सम्मानित किया: हरीश चन्द्र

**सम्मानित**

**8 पायलट बिटिया दीपिका ने बताया कि उन्होंने रीवा, ग्रीस और इटली से पायलट की ट्रेनिंग पूरी की है**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।। बेटी बचाओ अभियान की टीम ने तिगांव की पायलट बिटिया दीपिका अधाना को संस्था की ब्रांड एंबेसडर किकबॉसिगं चैंपियन मोनल कुकरेजा व नीरल कुकरेजा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। पायलट बिटिया दीपिका ने बताया कि उन्होंने रीवा, ग्रीस और इटली से पायलट की ट्रेनिंग पूरी की है और



अगले माह वह कमर्शियल पायलट की नौकरी ज्वाइन कर लेंगी। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि दीपिका अधाना ने एयर इंडिया की कमर्शियल पायलट बनकर अपने गांव व फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस बिटिया ने यह साबित कर दिया है कि बेटियाँ भी अपने वंश का नाम रोशन कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि बेटियों की उपलब्धि पर हमारी संस्था उनको इसी तरह सम्मान करके समाज को यह संदेश देती है कि जिस बेटी को कुछ सिरफिरे लोग अभिशाप समझकर कोख में ही मारकर कन्या भ्रूण हत्या का पाप करते हैं उन्हें ऐसी घटिया सोच वालें लोगों को यह संदेश मिले कि बेटियाँ अभिशाप नहीं वरदान होती हैं। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा ने पायलट बिटिया दीपिका और उनके पिता योगेश अधाना को बधाई देते हुए कहा कि इस बिटिया की उपलब्धि से तिगांव निवासियों को गर्व होगा और अब गांव की ज्यादा से ज्यादा बेटियां आगे निकलकर अपने गांव व वंश का नाम रोशन करेंगी। महिला विंग की चेयरमैन शीतल लूथरा व सलाहाकार सतेन्द्र दुगल ने दीपिका व उसके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पायलट बनकर शहर में इतिहास रचा है और बेटी बचाओ अभियान इस बिटिया को 8 मार्च महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर भी सम्मानित करेगा। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय सलाहाकार सतेन्द्र दुगल, ब्रांड एंबेसडर मोनल व नीरल कुकरेजा, चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा, राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद, महिला विंग चेयरमैन शीतल लूथरा, अशोक भाटिया, निशा कुकरेजा, दलीप कुकरेजा व योगेश अधाना परिवार सहित उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास पकड़ रहा गति : नरेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास तेजी से गति पकड़ रहा है। उन्होंने आज हीवो अपार्टमेंट्स व मैगपाई टूरिस्ट रिसॉर्ट के पास सैक्टर-16ए में आरएमसी रोड को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, संदीप बंसल, नरेंद्र जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर



विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि एक ही टेंडर में उक्त दोनों आरएमसी रोड लगभग 40 लाख रुपए की लागत से बनाई गई। उन्होंने कहा कि कोरोना के चलते विकास कार्य बाधित रहे परंतु कोरोना जाते ही मुख्यमंत्री मनोहरला के दिशा-निर्देश पर युद्ध गति से गुणवत्तायुक्त विकास कार्य किए जा रहे हैं।

# सोना जीतने वाले दो हॉकी शाइनिंग स्टार सुमित व अभिषेक के घर जश्न

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सोनीपत गोल्डन-गोल्डन हो गया है। नौ साल के बाद भारत को हॉकी के अंदर शानदार जीत मिली है। इसमें सोनीपत के दो हॉकी शाइनिंग स्टार का शानदार प्रदर्शन रहा है। साल 2014 के बाद 2023 एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल मिला है। सोनीपत के हॉकी के शाइनिंग स्टार सुमित और अभिषेक ने हॉकी टीम में परचम लहराया हैं। सोनीपत में खुशी का माहौल है।भारतीय हॉकी टीम ने जापान को 5-1 से अधिक करारी मात दी। ओलंपिक के लिए टीम ने क्वालीफाई कर लिया है, सोनीपत के अभिषेक ने चौथा गोल किया था।

# एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार ने बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स की सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।। डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार ने थाना बीपीटीपी के कार्यालय में बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स सुरक्षा के सम्बन्ध में मीटिंग का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स की दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए होने चाहिए। प्रत्येक बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स के ऑफिस में सीसीटीवी कैमरों से कवर करने वाली स्क्रीन लगी होनी चाहिए। ऐसे स्थान पर लगाएं जहां से प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखी जा सके। सीसीटीवी कैमरे को इस तरह से फोकस करें कि एंट्री प्वाइंट, जमा व निकासी काउंटर के अलावा वेटिंग एरिया में अनावश्यक रूप से बैठे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए। बैंक के द्वार बैंक और ज्वेलर्स की सुरक्षा में गार्ड के पास हथियार डिटेक्टर मशीन के साथ पुलिस कन्ट्रोल रुम नम्बर-112 और संमन्धित थाना के एसएचओ और थाना का फोन नम्बर होना चाहिए। बैंक मैनेजर बैंक के अंदर अपने ग्राहकों की पैसे की सुरक्षा को सुनिश्चित करें और गार्डों को समय-समय पर ब्रीफ करते रहे कि बैंक में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर निगरानी रखें। अगर कोई व्यक्ति बैंक में बीना कारण घूमता दिखाइ दे तो उसे बैंक में आने का कारण पूछे अगर वह उचित कारण नही बता पाता है तो थाना पुलिस को सूचित करे। उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले करे। बैंक मैनेजरों को बताया की बैंक में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की तलाश करे। कोई हथियार के साथ बैंक में प्रवेश ना करे।

प्रत्येक बैंक और ज्वेलर्स की दुकान में इमरजेंसी अलार्म होना चाहिए ताकि जरुरत पडने पर उसका प्रयोग किया जा सके। प्रत्येक बैंक कर्मचारियों के पास पुलिस कन्ट्रोल रुम नम्बर-112 और सम्बंधित थाना के एसएचओ और थाना का नम्बर होना चाहिए।

# लापता 18 वर्षीय लड़की बरामद कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।।डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता हुई लड़की को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा 18 वर्षीय लड़की 15 सितंबर को अपने घर से बिना बताए कहीं निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया, नहीं मिलने पर परिजनों के द्वारा थाना आदर्श नगर में लड़की के गुमशुदगी के संबंध में सूचना दी गई। थाना पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज



कर लड़की की तलाश की गई। मामले में क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा लड़की के संबंध में राजस्थान के जोधपुर का पता लगाया गया। क्राइम ब्रांच के प्रभारी द्वारा तुरंत एक टीम नियुक्त कर लड़की को बरामद किया गया। लड़की ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने परिजनों के साथ किसी बात को लेकर नाराज थी। अब वह परिजनों के साथ जाना चाहती है। गुमशुदा लड़की के परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

# शिक्षा में गुणवत्ता और मानक सबसे बड़ा लक्ष्य: डॉ. राज नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा शिक्षा में विश्व स्तरीय गुणवत्ता और मानक स्थापित करना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य के साथ हमने नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन (नैक) परीक्षण की तैयारी शुरू कर दी है। नैक की रेटिंग में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को सर्वोच्च मुकाम दिलाना हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। वह शनिवार को नैक स्टीयरिंग कमेटी की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।



कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि नैक प्रशिक्षण में अच्छी रैंकिंग हासिल करना हर विश्वविद्यालय का सपना होता है। हमने बहुत कम समय में इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए हैं। अगले साल जुलाई महीने में नैक परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि नैक प्रशिक्षण में सर्वोच्च रेटिंग मिलने के बाद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को बड़ा फायदा होगा। प्रोजेक्ट में भी हमारी भागीदारी बढ़ेगी। इसलिए विश्वविद्यालय पूरी निष्ठा के साथ इस मिशन में जुट गया है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर अशोक एमा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने बहुत कम समय में बड़ी उपलब्धियां अर्जित की हैं। विश्वविद्यालय की यह उपलब्धियां नैक प्रशिक्षण में बहुत मायने रखती हैं। प्रो. अशोक एमा ने शिक्षकों और अधिकारियों को नैक के लिए तैयारी करने के गुर सिखाए और स्कोर अर्जित करने की तकनीकी बारीकियों से अवगत करवाया।विशिष्ट तिथि के रूप में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश अग्रवाल ने कहा कि नैक के मानकों पर खरा उतरना किसी भी विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के पास वह सब उपलब्धियां हैं, जिनके बूते कोई भी संस्थान अग्रणी होने की योग्यता रखता है। प्रो. दिनेश अग्रवाल ने नैक की प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में तकनीकी बिंदुओं पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने नैक के महत्व का उल्लेख करते हुए नैक कमेटी के सभी सदस्यों से पूरी लगन और मेहनत के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# एशियन गेम्स में ब्रिज खेल का संदीप ठकराल ने किया नेतृत्व, जीता कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

चीन में हो रहे एशियन गेम्स 2023 में उत्साह के साथ ब्रिज खेल में पुरुषों की टीम में गुरुग्राम के खिलाड़ी संदीप ठकराल ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। पेशे से इंजीनियर संदीप ठकराल वैसे तो अपनी आईटी कंपनी चलाते हैं, लेकिन ब्रिज खेलों में उनकी गहरी रुचि है। ब्रिज खेल की टीम को रजत पदक मिला।

एशियन खेलों में गुरुग्राम के संदीप ठकराल ने भारतीय ब्रिज टीम का नेतृत्व किया। भारतीय ब्रिज टीम का फाइनल मुकाबला हॉन्ग-कॉन्ग के साथ हुआ। इसमें भारतीय टीम ने 152 का स्कोर बनाया, जबकि



हॉन्ग-कॉन्ग की टीम ने 231 का स्कोर खड़ा किया। भारत की टीम में संदीप ठकराल के साथ जग्गी शिवदासानी, अजय प्रभाकर खरे और राजू तोलानी शामिल रहे। खेल की शुरूआत से लेकर अंत तक हॉन्ग-कॉन्ग टीम भारी रही। इस स्पर्धा में भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। संदीप ठकराल ने बताया कि हमारा खेल प्रदर्शन शानदार रहा। फाइनल मुकाबले में हॉन्ग-कॉन्ग के खिलाड़ी शुरूआत में भी बढ़त बना गए थे।

बता दें कि गुरुग्राम के सेक्टर-66 में रहने वाले ब्रिज एथलीट संदीप ठकराल पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और अपनी आईटी कंपनी संचालित करते हैं। वर्ष-1997 से ब्रिज खेल रहे संदीप ठकराल ने 2019 से 2022 तक चार बार विंटर नेशनल चैंपियनशिप और 2022 में समर नेशनल चैंपियनशिप जीती।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई सप्ताह 27वां

# आदर्श रसोई के माध्यम से दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने किया अन्न दान

'राकेश भारद्वाज चौक' पर एसीपी दिल्ली पुलिस (हेडक्वार्टर) अजय कत्याल, जहांगीरपुरी से एसीपी प्रवीण कुमार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ, आदर्श नगर के एसएचओ विश्राम मीना भी रहे मौजूद















टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 27वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## विधिवत रूप से एसीपी दिल्ली पुलिस अजय कत्याल और जहांगीरपुरी से एसीपी प्रवीण कुमार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार की आदर्श रसोई का शुभारंभ दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर से एसीपी अजय कत्याल और जहांगीरपुरी के एसीपी प्रवीण कुमार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इस दौरान आदर्श नगर के थानाध्यक्ष विश्राम मीणा भी मौजूद रहे। रिबन काटने के बाद श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

## क्या बोले एसीपी अजय कत्याल

इस विशेष मौके पर अजय कत्याल ने कहा कि इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों को दिल की गहराईयों से बधाई व अभिनंदन। आदर्श रसोई की टीम वाकईकबीलेतारीफ कार्य कर रही है। श्री कत्याल ने कहा कि अपने बारे में तो एक जानवर भी सोच लेता है लेकिन जो समाज के लिए कार्य करता है वही मानवता कहलाती है। श्री कत्याल ने आदर्श रसोई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पूरी टीम को बधाई। साथ ही ये भी कहा कि जहां भी हमारी जरूरत पड़ेगी हम सदैव आदर्श रसोई के साथ हैं।









## आदर्श रसोई ने कई कीर्तिमान स्थापित किए: एसीपी प्रवीण कुमार

एसीपी प्रवीण कुमार ने आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसी सामाजिक संस्थाओं की आज के समय में सख्त जरूरत है जो निःस्वार्थ और करूणा भाव से जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है। संस्था का हर एक पदाधिकारी तारीफ के काबिल है। मैं आज इस सामाजिक कार्य से जुड़कर खुद को गौरावान्वित महसूस कर रहा हूं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

## आदर्श रसोई का काम बहुत कबीलेतारीफ है: एसएचओ विश्राम मीणा

इस दौरान आदर्श नगर के एसएचओ विश्राम मीणा ने भी शिरकत की है। सबसे पहले उन्होंने अपने आला अधिकारियों के संदर्भ में अपनी बात रखी और फिर आदर्श रसोई के कार्यों की सराहना की। श्री मीना ने कहा कि ये मानवता की भलाई का एक अतिउत्तम कार्य है। आदर्श रसोई को जहां भी हमारी जरूरत पड़ेगी हम सदैव आपने साथ खड़े रहेंगे। पूरी टीम बधाई की पात्र है।

## लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया







आदर्श रसोई सप्ताह 27वां

# आदर्श रसोई में धूमधाम से मनाया गया विनीत गुप्ता और माधुरी गुप्ता का जन्मदिन

गुप्ता परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ, टोकन देकर आदर्श रसोई की शुरूआत की गई

















टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 27वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के कर्मठ कार्यकर्ता विनीत गुप्ता और माधुरी गुप्ता का जन्मदिन

दूसरे वर्ष के 27वें रविवारीय आयोजन पर आदर्श रसोई की पूरी टीम ने आदर्श रसोई के कमठ पदाधिकारी विनीत गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी माधुरी गुप्ता का जन्मदिन खूब धूमधाम से मनाया। इस दौरान रसोई के अधिकतर सदस्य मौजूद रहे।

## विधिवत रूप से गुप्ता परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई ने रसोई के सबसे कर्मठ सदस्य विनीत गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी माधुरी गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुप्ता परिवार भी मौजूद रहा। गुप्ता परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

## क्या बोले विनीत गुप्ता

इस विशेष मौके पर विनीत गुप्ता ने कहा कि "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक डेढ़ वर्ष पूरा कर लिया है। इसके लिए सभी







को बधाई। इन डेढ़ साल में आदर्श रसोई ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और सामाजिक कार्य में एक नई मिसाल पेश की है। विनीत गुप्ता ने कहा कि आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले डेढ़ वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है

## क्या बोलीं विनीत गुप्ता

आदर्श रसोई ने समाजसेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हर कोई आदर्श रसोई के माध्यम से पुण्य के कार्य में सहभागी बनने को आतुर रहता है। साथ ही आदर्श रसोई राकेश भारद्वाज चौक पर बड़े ही रचनात्मक ढंग से कार्यक्रम का आयोजन करती है जो कि इस सामाजिक कार्य को सबसे अलग बनाती है। मैं पूरी टीम को दिल की गहराईयों से बधाई देती हूं।

## लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।























